TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 23 अंक 324
गुरूवार 3 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 22°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# वक्फ विधेयक पर लोकसभा में घमासान

## सरकार वक्फ विधेयक से किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी'

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** लोकसभा में बुधवार को वक्फ अधिनियम में संशोधन से जुड़े विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। विधेयक को पिछले साल अगस्त में पेश किया गया था और बाद में चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया। समिति की सिफारिशों पर विचार कर इसे सदन में आज चर्चा के लिए लाया गया।

'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' के साथ इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए 'मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024' लाया गया है। नए विधेयक का नाम अंग्रेजी में यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट इफिशिएंट एंड डेवलपमेंट बिल (उम्मीद बिल) रखा गया है।

हिन्दी में यह एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विधेयक केवल वक्फ से जुड़ी संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ा है

**चर्चा**
- जेडीयू ने किया वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन
- ललन सिंह बोले- किसी से नहीं चाहिए धर्मनिर्पेक्षता का सर्टिफिकेट

और इसका धार्मिक विषयों से कुछ लेना-देना नहीं है। विपक्ष मुसलमानों को अपना वोट बैंक मानता है और उसे गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। यह विधेयक न केवल मुसलमानों बल्कि देश के हित में है और इसके पारित होने पर विपक्ष को भी बदलाव अनुभव होगा। रिजिजू ने विधेयक पर चर्चा के दौरान वक्फ अधिनियम में 2013 में हुए संशोधन से उपजी गड़बड़ियों और असिमित शक्तियों के कारण पैदा हुए विवादों को उठाया। उन्होंने विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कई मुद्दों पर



स्पष्टीकरण भी दिया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार ने 2014 के चुनाव के पहले संशोधन किया था। किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक वक्फ संपत्ति भारत में है। भारत में सबसे अधिक संपत्ति रखने वाली निजी संस्था भी वक्फ है। ऐसे में उसका उचित प्रबंधन और उससे समुचित आय सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसा होने पर असल में मुस्लिम समुदाय खासकर पिछड़े, गरीब और महिलाओं को लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने सच्चर कमेटी की सिफारिशों का जिक्र करते हुए आंकड़े दिए और कहा कि तब 4.9 लाख वक्फ संपत्तियां थी जिनसे मात्र 163 करोड़ की आमदनी होती थी।

### जिनके लिए ये बिल है उनकी बात नहीं सुनी जा रही: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है।

भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। वक्फ बिल मुसलमानों के लिए है। मुसलमानों की बात ही नहीं सुन रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल के पीछे ना नीति सही, ना नियत सही। भाजपा ध्रुवीकरण का फायदा उठानी चाहती है। भाजपा मुस्लिम भाईचारे को बांटना चाहती है। भाजपा को अपने वोटबैंक में गिरावट की चिंता है।

## पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

- पाकिस्तान ने फायरिंग कर संघर्ष विराम तोड़ा
- भारतीय सेना ने दिया जवाब, पाकिस्तान के 10 जवान घायल

**पुंछ, 2 अप्रैल।** जिला पुंछ में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को घुसपैठ के बड़े प्रयास को भारतीय सेना ने विफल बना दिया। इस दौरान एलओसी पर बारूदी सुरंगों में विस्फोट के बाद भारत-पाकिस्तान सैनिकों के बीच भारी गोलीबारी भी हुई। इस गोलीबारी में सीमा पार भारी नुकसान व पाकिस्तानी सेना के करीब आठ से दस जवानों के घायल होने की भी सूचना है। एलओसी पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। सेना के उच्चाधिकारी स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे कृष्णा घाटी सेक्टर में भारतीय सेना की अग्रिम पोस्ट के नजदीक जंगली क्षेत्र में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में एक के बाद एक तीन बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुए। इसके साथ ही पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी भी शुरू कर दी गई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि एलओसी के उस पार से आतंकियों का एक दल भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास कर रहा था, उसी समय भारतीय सेना की ओर से घुसपैठ को रोकने के लिए बिछाई गई बारूदी सुरंगों में विस्फोट होने के कारण आतंकियों का मंसूबा नाकाम हो गया और वे वापस भागने को मजबूर हो गए। आतंकियों को भारतीय सेना से बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी कर उन्हें कवर फायर भी दिया। नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंका को देखते हुए भारतीय सेना ने भी जवाबी गोलीबारी की। दोनों तरफ से लगभग दो घंटे तक लगातार गोलीबारी जारी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोलीबारी के बाद घटना स्थल पर जंगली क्षेत्र में आग भी लग गई है और वहां से उठता धुंआ दूर-दूर से दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, गोलीबोरी में सीमा पार काफी नुकसान व पाकिस्तान के दस सैनिकों के घायल होने की भी सूचना है।

## वासंतिक नवरात्र



### पांचवा दिन-मां स्कंदमाता

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। देवी स्कंदमाता बुध ग्रह को नियंत्रित करती हैं। इसलिए मां स्कंदमाता की पूजा करने से व्यक्ति के बुध ग्रह के बुरे प्रभावों से मुक्ति मिलती है।

## तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा में उठाई सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** तृणमूल कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुनीता 19 मार्च को सुरक्षित पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आईं। उन्होंने कहा कि सुनीता की यह उपलब्धि सराहनीय है और पूरा भारत इस पर गर्व करता है।

हक ने कहा कि गुजरात के एक राजनेता, सुनीता के करीबी रिश्तेदार थे। उन्होंने दिवंगत राजनेता का नाम भी लिया जो गुजरात के गृहमंत्री थे और 2003 में उनकी हत्या कर दी गई थी। हक ने कहा कि सुनीता 2007 में भारत आई थीं और तब उन्हें कई सम्मान दिए गए थे। भारत सरकार ने 2008 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी के लिए भारत रत्न की मांग करना एक बात है।

इसमें किसी दिवंगत नेता का संदर्भ नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति का संदर्भ देना सही नहीं है जो अब हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने आसन से अनुरोध किया कि तृणमूल सदस्य के कथन का वह हिस्सा सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाना चाहिए। राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश ने कहा कि जो भी हिस्सा अप्रासंगिक होगा, उसे कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**पटना, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन-2 लेन सम्पर्क पथ के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार कला महाविद्यालय के समीप पहुँचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांसघाट स्थित काली मंदिर एवं आयकर गोलम्बर के समीप पहुंचकर मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मंदिरी नाले पर निमार्णाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ नेहरू पथ से जेपी गंगा पथ तक होगा जिसमें दानापुर-बांकीपुर पथ के बांस घाट से जेपी गंगा पथ तक सड़क ऐलिवेटेड होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा



कि इस 2 लेन सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करायें। बिहार कला महाविद्यालय की चहारदिवारी को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचे इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के मंदिरी क्षेत्र में पहुँचने पर लोगों में भारी उत्साह दिखा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि इस पथ का निर्माण पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी तथा जाम से निजात मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी तथा इस इलाके का और विकास होगा।

ज्ञातव्य है कि नेहरू पथ पर आयकर गोलम्बर से दानापुर-बांकीपुर पथ के बांस घाट तक 1289 मीटर बॉक्स ड्रेन सह 2 लेन सम्कर्प पथ का निर्माण होना है। इसमें सर्विस रोड के साथ नाला एवं यूटिलिटी डक्ट का प्रावधान किया गया है। साफ-सफाई हेतु दो रैम्प एवं तीन डिसील्टिंग चैम्बर का निर्माण के अलावा जल निकासी की व्यवस्था एवं नियंत्रण के लिये चार स्यूलिस गेट प्रस्तावित है। इस सड़क के सौंदर्गीकरण हेतु स्ट्रीट लइटिंग के साथ लैंड स्केपिंग का कार्य भी किया जाना है।

## बुलढ़ाणा सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, 23 से अधिक घायल

**मुंबई, 2 अप्रैल।** बुलढाणा जिले में शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर खामगांव के पास बुधवार को सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 23 लोगों का इलाज आकोला और खामगांव के सरकारी अस्पताल में हो रहा है, इनमें छह घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे शेगांव से कोल्हापुर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो एक एसटी बस से टकरा गई। उसी समय पीछे से आ रही एक निजी बस ने इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को टक्कर मार दी। इस तरह हादसे में तीन वाहनों की टक्कर में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

मृतकों की पहचान धनेश्वर मरावी, कृष्णकुमार मोहन सिंह सरोटे, शिवपाल, शिवाजी समाधान मुंडे, मेहरुनिसा शेख हबीब और रंजीत वानखेड़े के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद प्रमुख लालू यादव की तबियत बिगड़ी

**पटना, 2 अप्रैल।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। ब्लड शुगर बढ़ने के कारण उनकी स्थिति खराब हो गई, जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली जाने की सलाह दी है। लालू यादव बीते दो दिनों से ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या से जूझ रहे थे। बुधवार सुबह उनकी तबीयत और बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम पटना स्थित राबड़ी आवास पर उनकी निगरानी में लगी हुई है।

### शाही जामा मस्जिद के सदर की जमानत पर चार अप्रैल को होगी सुनवाई

**संभल, 2 अप्रैल।** शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत याचिका पर अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी। 23 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि जिला न्यायालय स्थित चंदौसी में एडीजे द्वितीय निर्भय नारायण राय की कोर्ट ने 27 मार्च को सदर जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बुधवार दो अप्रैल को इस मामले में परमानेंट जमानत याचिका की तारीख निहित थी।

### रामनवमी को दोपहर 12 बजे रामलला का होगा जन्म : चम्पत राय

**अयोध्या, 2 अप्रैल।** राम जन्मभूमि में राम जन्मोत्सव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धूमधाम से मना रहा है। जन्मोत्सव पर प्रतिदिन श्री रामलला के सामने सायंकाल बधाई गायन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हो रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राम नवमी के अवसर पर छह अप्रैल को रामलला का जन्म होगा।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि चैत्र राम नवमी के अवसर पर आगामी छह अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे रामलला का जन्म होगा। उसी समय से उनके कुल देवता सूर्य अपनी किरणों से अगले चार मिनट तक उनका अभिषेक करेंगे।

## नक्सलियों ने की संघर्ष विराम की मांग

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद अब नक्सलियों ने संघर्ष विराम की मांग की है। पत्र जारी कर कहा गया है कि सरकार अगर ऑपरेशन बंद करने का ऐलान करती है तो नक्सली बात करने को तैयार हैं।

दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से पहले नक्सलियों ने तत्काल युद्ध विराम और सशर्त शांति वार्ता की मांग की है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में

**पत्र जारी**
- गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले जारी किया पत्र
- नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया

केंद्र सरकार से एंटी नक्सल ऑपरेशन को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी अभियानों को रोकने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें ऑपरेशन रोकें तो हम बात करेंगे। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने हिंदी और तेलगू दोनों भाषा में प्रेस रिलीज जारी केंद्र और राज्य सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने के लिए अनुरोध किया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल के जवानों को कैंप में ही रहने और नये कैंप नहीं खोलने की बात कही है।

## वक्फ बिल को लेकर यूपी में बढ़ाई गई चौकसी

**लखनऊ, 2 अप्रैल।** वक्फ (संशोधन) विधेयक के बुधवार को लोकसभा में पेश किया जा रहा हैं। इसको लेकर संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई हैं। डीजीपी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द की जाती है। जो भी कर्मचारी या अधिकारी छुट्टी पर गये हैं वे तत्काल अपनी ड्यूटी को ज्वाइन कर लें। वक्फ संशोधन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन होने की संभावना हैं, ऐसे में जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने इलाकों में फोर्स के साथ गश्त करते नजर आयें।

संवेदनशील-अतिसंवेदनशील इलाको में अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाए। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाए। पुलिस अधिकारी जिला प्रशासन की मदद से संभ्रांत लोगों से बैठक कर रुपरेखा तैयार करें।



चैती छठ पूजन का प्रसाद ग्रहण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## आम आदमी पार्टी ने यूपी में बनाये 10 प्रवक्ता

**लखनऊ, 2 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पार्टी का पक्ष रखने के लिए दस प्रवक्ताओं को बनाया है। इसमें दो मुस्लिम चेहरों के रूप में रामपुर के फैसल खान लाला और लखनऊ के तकी अहमद के नाम भी शामिल है। बुधवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ताओं की जारी सूची में बुलंदशहर के विकास शर्मा, वाराणसी के मुकेश सिंह, गाजियाबाद की तरूणिमा श्रीवास्तव, हमीरपुर से रमन सिंह, कानपुर के संजीव निगम, लखनऊ के प्रखर श्रीवास्तव, मेरठ के अंकुश चौधरी और फिरोजाबाद के प्रशांत यादव के नाम भी प्रवक्ताओं की सूची में शामिल है। प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी होने पर मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की हार को भुला कर उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने की कमर कस ली है।

### अन्नाद्रमुक से गठजोड़ की खातिर प्रदेश अध्यक्ष को दांव पर लगाएगी भाजपा

# नागेंद्रन हो सकते हैं नए अध्यक्ष!

■ कुमार सौवीर

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** भाजपा के लिए दुरूह चुनौती सिद्ध हो रहे तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक से गठबंधन के पहले भाजपा अपने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की बलि दे सकती है। अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी की अन्नामलाई को लेकर गठबंधन से पहले ये शर्त भी बताई जा रही है जिसके लिए भाजपा मन बना रही है।

बता दें कि तमिलनाडु में येन केन प्रकारेण भाजपा पॉवर चाहती है इसीलिए चुनाव से पहले भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन की सम्भावना काफी बलवती है। जानकारी के मुताबिक भाजपा- अन्नाद्रमुक गठबंधन की चर्चाओं के बीच अन्नामलाई भारतीय जनता पार्टी के तमिलनाडु अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

**सम्भावना**
- अन्नामलाई छोड़ेंगे प्रदेश अध्यक्षी
- गठबंधन की अहम शर्तों में अन्नाद्रमुक की यह बात शामिल
- एक ही क्षेत्र और समुदाय से आते हैं अन्नामलाई और पलानीस्वामी

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद भी तमिलनाडु में वे पार्टी की कोर कमेटी के अहम सदस्य बने रहेंगे। दरअसल भाजपा नहीं चाहती कि दोनों सहयोगी दलों के चेहरे एक ही गौंडर समुदाय से हों। अन्नामलाई और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम प्रमुख पलानीस्वामी दोनों ही राज्य में इस शक्तिशाली पिछड़े समुदाय से आते हैं। दोनों तमिलनाडु के उसी पश्चिमी कोंगु क्षेत्र से आते हैं जहाँ गौंडर्स का दबदबा है। दिल्ली में पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में अन्नामलाई को भाजपा के फैसले से अवगत करा दिया गया है। शाह की राष्ट्रीय राजधानी में पलानीस्वामी से मुलाकात के तुरंत बाद यह बैठक हुई थी। तमिलनाडु में भाजपा अध्यक्ष के लिए अन्नामलाई की जगह जो प्रमुख नाम सामने आ रहा है उनमें सबसे आगे पार्टी विधायक नैनार नागेंद्रन हैं, जो तिरुनेलवेली के लोकप्रिय नेता हैं। नागेंद्रन पहले अन्नाद्रमुक में थे और प्रभावशाली थेवर समुदाय से हैं। क्षेत्र में वो जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अन्नाद्रमुक भाजपा से इसलिए भी गठबंधन करना चाहती है क्योंकि अभिनेता विजय द्वारा अपनी खुद की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम बनाकर राजनीति में उतरने का ऐलान किया गया है।?

## केंद्र से मिले 2,638.17 करोड़ विशेष सहायता राशि पर उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

**पटना, 02 अप्रैल (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25 के तहत बिहार को 2,638.17 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होने कहा कि यह विशेष सहायता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह पर प्राप्त हुई है, जिससे विकास योजनाओं को लागू करने में तेजी आएगी ।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि सिंचाई विभाग की 35 विभिन्न योजनाओं के लिए 2,340.61 करोड़ रुपये की विशेष सहायता की मांग की गई थी, जिसमें अधिकांश राशि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए थी। उन्होंने कहा कि प्राप्त राशि से कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना, सुल्तानगंज में अजगैबीनाथ मंदिर में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर पुराने उत्तरवाहिनी धार में सीधी घाट और चैनल का निर्माण होगा। सम्राट चौधरी ने बताया कि पथ निर्माण विभाग की 14 विभिन्न योजनाओं के लिए 237.46 करोड़, भवन निर्माण विभाग के एसडीआरएफ बिहटा (पटना) के निर्माण एवं बिहार के 17 जिलों में आपातकालीन रिस्पांस सुविधा सह प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु 187.93 करोड़ की मांग की गई। राज्य सरकार ने तीन महत्वपूर्ण विभागों की विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 2,766 करोड़ की विशेष सहायता मांगी थी, जिसे लगभग पूरी तरह स्वीकार करते हुए केन्द्र सरकार ने 2,638.17 करोड़ रुपये की मंज़ूरी दी है।

# बिहार को वर्ष 2070 तक कार्बन-फ्री बनाने का लक्ष्य, जलवायु परिवर्तन से निपटने को मास्टर प्लान तैयार

**पटना, 2 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए बिहार सरकार तेजी से सराहनीय कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विशेष पहल पर राज्य में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए खासतौर से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इसे लेकर संबंधित विभाग ने खासतौर से योजना तैयार की है।

ग्रामीण विकास विभाग के स्तर से जल-जीवन-हरियाली योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा सरकार क्लाइमेट रेसिलिएंट एंड लो-कार्बन डेवलपमेंट पाथ-वे नामक रणनीति दस्तावेज तैयार कर रही है। इस दस्तावेज में वर्ष 2030 और 2050 तक किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई है। ताकि विकास कार्यों से समझौता किए बगैर वर्ष 2070 तक बिहार कार्बन-फ्री बन सके।

**राज्यस्तरीय एक्शन प्लान को मिली मंजूरी**

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने वर्ष 2021 में एक समझौता (एमओयू) किया था। इसके तहत जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन किया गया। तीन वर्षों की विभिन्न बैठकों के बाद इस एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिया गया है, जिसे अब राज्य कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। बिहार में कुल 4,316 आर्द्रभूमियां (वेटलैंड) हैं, जिनका संरक्षण एवं प्रबंधन आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत किया जाता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की कितनी जल निकायों को आर्द्रभूमि के रूप में चिह्नित किया जा सकता है। बिहार सरकार मनरेगा के तहत जल निकायों के निर्माण को प्रोत्साहित कर रही है।

साथ ही कृषि विभाग पानी की खपत को कम करने के लिए मोटे अनाज, ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर तकनीक को बढ़ावा दे रहा है। हालांकि भूमिगत जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई जिलों में आर्सेनिक और अन्य प्रदूषण की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके समाधान के लिए सरकार कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत मुख्यमंत्री कृषि वानिकी योजना और मुख्यमंत्री निजी पौधशाला योजना चलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक पौधे लगाए जा सकें।

## बदले जायेंगे बिजली के खराब और नॉन-कम्युनिकेटिंग मीटर, ऊर्जा सचिव ने स्मार्ट मीटरिंग एजेंसियों को दिया आदेश

**पटना**। ऊर्जा सचिव सह बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पंकज कुमार पाल ने स्मार्ट मीटरिंग एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि नॉन-कम्युनिकेटिंग मीटरों को शीघ्र ठीक किया जाए तथा सभी दोषपूर्ण मीटरों को अविलंब बदलने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। बैठक में उन्होंने जोर दिया कि बढ़ते तापमान एवं पूवार्नुमानित मांग को देखते हुए, वितरण कंपनियां 33 केवी एवं 11 केवी फीडरों एवं डीटी मीटर लगाने के कार्य को मई के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूरा करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मध्य मई के बाद तापमान में अत्यधिक वृद्धि एवं उपभोक्ताओं की बिजली जरूरतों को देखते हुए इस कार्य हेतु शटडाउन संभव नहीं हो पाएगा। बैठक में ईईएसएल, जीनस, इंटेलीस्मार्ट, अदानी पावर, सिक्योर मीटर्स, हाइप्रिंट, एनसीसी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया गया। डिस्कनेक्टेड और नॉन-कम्युनिकेटिंग मीटरों की संख्या को कम करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

# जानकी नवमी पर होगा मैथिली दिवस समारोह का आयोजन



**दरभंगा, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। धरती पुत्री मां जानकी का प्राकट्य दिवस समारोह विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 6 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा। संस्थान के प्रधान कार्यालय परिसर में प्रातः काल माता जानकी की प्रतिमा का पूजा-अर्चना होगा। इसके बाद मैथिली दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा। यह निर्णय मंगलवार की देर शाम डॉ. बुचरू पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

मौके पर महासचिव डॉ. बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि संस्थान कई दशकों से जानकी नवमी का लगातार आयोजन करता आ रहा है। जबकि बीते एक दशक से अधिक समय से मूर्ति पूजा भी की जा रही है। संस्थान के जानकी नवमी समारोह में संस्थान के संरक्षक द्वय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय की उपस्थिति रहेगी। मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं. कमलाकांत झा ने कहा कि विद्यापति सेवा संस्थान के हर-घर जानकी पूजन महाभियान को मिथिलावासी एवं प्रवासी मैथिलों का भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है। प्रवीण कुमार झा ने मां जानकी के प्राकट्य दिवस पर जानकी सम्मेलन के आयोजन को काफी उपयोगी बताया और सभी माता-बहनों को इसमें शामिल होने के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाये जाने पर बल दिया।

बैठक में विनोद कुमार झा, डॉ.महानन्द ठाकुर, प्रो अरुण सिंह, विजय शंकर झा, दुर्गा नन्द झा, प्रो चंद्रशेखर झा बूढा भाई, आशीष चौधरी, वैद्य गणपति झा, नवल किशोर झा, रामाज्ञा झा, शंभु नाथ मिश्र, डॉ.उषा चौधरी, डॉ.ममता ठाकुर, डॉ. सुषमा झा आदि ने भी अपने विचार रखे।

# मैट्रिक की परीक्षा में +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खेरिया की छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम




**कोलासी, कटिहार**। शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कोढ़ा प्रखंड के +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, खेरिया की मेधावी छात्र एवं छात्राएं गालिब रजा 466 अंक लाकर जिला में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया तो वहीं सायरा 417 अंक रौशन 391 अंक खुशी 390 अंक सुनिता 375 अंक सोनू 361 अंक पार्वती 351 अंक लाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। गालिब रजा की सफलता को सम्मानित करने के लिए विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि खेरिया पंचायत के मुखिया सोहराब अली और समाजसेवी गौतम चौधरी रहे।

छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनकी इस असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुखिया सोहराब अली ने अपने संबोधन में कहा छात्र-छात्राओं ने सफलता का न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पंचायत और जिले के लिए गर्व की बात है। इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनोद कुमार ने इस अवसर पर कहा, ?हमारे विद्यालय की छात्र ने मैट्रिक की परीक्षा में जिले में दशवां स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया है कि यदि लगन और सही मार्गदर्शन मिले, तो किसी भी विद्यालय का छात्र असाधारण प्रदर्शन कर सकता है।

विद्यालय परिवार को छात्र छात्रा की इस उपलब्धि पर गर्व है और हम भविष्य में भी ऐसे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहेंगे। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार, ललन कुमार, फूल कुमारी, नितीन कुमार, मो. नाजिम, रिजाउल हक, तनूजा कुमारी, प्रतीमा कुमारी, रीना कुमारी, सुनिति कुमारी, अंजली यादव, नजमूल हक, मो. असरफ जमील, संजय कुमार, सुजाता कुमारी, अनुष्का कुमारी, नीलम कुमारी, मीरकासिम, व्योमेश बिपुल, गीता समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा, ?मैंने नियमित रूप से पढ़ाई की और कठिन विषयों को समझने के लिए शिक्षकों की मदद ली।

मुझे उम्मीद थी कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी, लेकिन जिला दशवां स्थान प्राप्त करना मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य है।इस उपलब्धि से प्रेरित होकर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में भी पढ़ाई के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि भविष्य में भी ऐसे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा ताकि शिक्षा के प्रति छात्रों की रुचि और बढ़े।खेरिया गांव और आसपास के इलाकों में भी इस सफलता की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय लोगों ने छात्र - छात्राओं की मेहनत और विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। लोगों का मानना है कि यदि सभी छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन मिले, तो वे भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। छात्रों की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और सही दिशा में प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है।

# बिहार में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण अपशिष्टों का हो रहा बेहतरीन प्रबंधन

**पटना, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)**। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण अपशिष्टों का राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन प्रबंधन हो रहा है। स्वच्छता के लिए डोर-टू-डोर कचड़े का उठाव किया जा रहा है। कचड़े के उठाव और परिवहन के लिए एक लाख से अधिक रिक्शों का इस्तेमाल हो रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर 8 हजार 24 ई-रिक्शा और 1 लाख 8 हजार 687 पैडल रिक्शा का उपयोग किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कचड़े के निपटान की समस्या दूर हुई है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत तरल अपशिष्ट प्रबंधन को भी मजबूत किया गया है। अब तक 4 लाख 35 हजार से अधिक सामुदायिक सोकपिट, 78 हजार 995 जंक्शन चैम्बर और 23 हजार 421 नाली निकासी बिन्दु का निर्माण किया गया है। कृषि एवं पशु अपशिष्ट के निपटान और बॉयोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर गोबरधन योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य में 35 गोबरधन इकाइयों का निर्माण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सभी जिलों में गोबरधन इकाइयों का निर्माण कर सुचारू रुप से संचालित किए जाने का लक्ष्य है।

नीतीश सरकार की इन क्रांतिकारी योजनाओं के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बढ़ी है। इसके साथ ही लोगों के जीवन में खुशहाली भी आयी है। आने वाले वर्षों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को और भी सफल बनाने के लिए जीविका जैसे समुदाय आधारित संगठनों के सदस्यों, पंचायती राज प्रतिनिधियों, संबंधित विभाग एवं संस्थान के प्रतिनिधियों, फ्रंटलाइन वर्कर, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मियों समेत सभी हितधारकों का क्षमतावर्धन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी हितधारकों, समुदाय के प्रभावशाली लोगों, जनप्रतिनिधियों, युवा, महिला, स्कूली बच्चों, हितग्राही संगठनों का सहयोग प्राप्त करते हुए जन-जागरूकता कार्यक्रम, सूचना शिक्षा एवं संचार, व्यवहार परिवर्तन संचार, सामुदायिक लामबंदी इत्यादि कार्यक्रमों का निरंतर संचालन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य को लेकर अमीनों ने की बैठक

**अररिया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)**। फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र में भूमि सर्वेक्षण कार्य को लेकर भूस्वामी द्वारा स्वघोषित पत्र आनलाइन और आफलाइन जमा करने का कार्य लगातार जारी है। फारबिसगंज के किरकिचिया पंचायत सरकार भवन में विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्यालय बनाया गया है।इस मौके पर शिविर प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि 31 मार्च के बाद भी कुछ दिनों तक जमीन संबंधी स्वघोषणा के लिए पोर्टल सरकार द्वारा खुला रखा गया है।इस पोर्टल के माध्यम से लोग ऑनलाइन या फिर विभाग की ओर से प्रतिनियुक्ति सर्वे अमीन को ऑफलाइन कागजात जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा इन सब के साथ साथ कार्यालय में भी काउंटर पर स्वघोषित पत्र जमा कर सकते हैं।उन्होंने कहा अभी भी वक्त है सभी भूस्वामी स्वघोषित पत्र आनलाइन या आफलाइन जमा कर दें।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जमीन मालिकों को ऑफलाइन मोड में स्व-घोषणा प्रमाण पत्र जमा करने के लिए गांव में बने सर्वे ऑफिस में जाना होगा। लेकिन, अगर आप ऑनलाइन मोड में डाक्यूमेंट्स जमा करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको भूमि सर्वेक्षण की वेबसाइट पर जाना होगा। वहां आपको डॉक्यूमेंट अपलोड करने का ऑप्शन दिखेगा।इसे अपलोड करने के बाद आपकी जमीन का अमीन, कानूनगो व अन्य कर्मचारी सर्वे करेंगे ।उन्होंने सभी सर्वे अमीन को भी लोगों को जागरूक करने और सभी रैयतों से स्वघोषित पत्र जमा करें को लेकर प्रेरित करने को कहा।



### पत्नी की हत्या मामले में 20 हजार का इनामी पप्पू गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जिले के आदापुर थानाक्षेत्र में पत्नी की हत्या करने वाले 20 हजार के इनामी आरोपित पप्पू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आदापुर थानाध्यक्ष धर्मवीर चौधरी के अनुसार आरोपित 2023 से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर छापेमारी करते हुए भावनपुर गांव निवासी पप्पू को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष धर्मवीर चौधरी ने बताया कि आरोपित बीते कई साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। हालांकि इस पर नजर रखी जा रही थी।गिरफ्तार इनामी आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई की जा रही है।

### पोठिया थाना के भंगहा गांव में विद्युत करेंट लगने से वृद्ध किसान की मौत

**फलका, कटिहार, , 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। बुधवार को पोठिया थाना क्षेत्र के भंगहा गांव स्थित गंगेली बहियार में मक्का में सिंचाई हेतु मोटर लगाने के क्रम में विद्युत करेंट लगने से एक पचपन वर्षीय किसान की मौके पर मौत हो गयी।मृतक किसान राम मंडल उम्र-55 वर्ष भंगहा गांव निवासी बताया जाता है।घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।जिसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना मुखिया प्रीति पटेल को दिया।मुखिया ने घटना की सूचना सीओ सौमी पोद्दार व थानाध्यक्ष विवेक कुमार को दिया।पीड़ित परिजनों ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रशासन को लिखित आवेदन देकर शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे मृतक राम मंडल भंगहा गांव निवासी गांव के गंगेली बहियार में अपना खेत में लगे मक्का की सिंचाई हेतु विद्युत मोटर लगाने गया हुआ था।मोटर का वायर जोड़ने के क्रम में करेंट लग गया।जिससे राम मंडल की मौके पर मौत हो गयी।घटना के बाद पूरे भंगहा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।वहीं पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### मुजफ्फरपुर में संदिग्ध परिस्थिति में युवक को लगी गोली, पड़ोसी पर 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**मुजफ्फरपुर, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। मुजफ्फरपुर के मीनापुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक को गोली लगी है। गोली लगने से घायल युवक ने अपने पड़ोस के ही युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया है। जबकी मामले की सूचना प्राप्त होते ही मीनापुर थाना की पुलिस और एडिशनल एसपी शहियार अख्तर के साथ एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दें की पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के चक जमाल गांव का है। जहाँ आज संदिग्ध परिस्थिति में एम डी जाकिर नामक युवक के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से घायल युवक को ईलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जहां पर गोली लगने से घायल युवक के द्वारा बताया गया है कि वह मूल रूप से मीनापुर थाना क्षेत्र के चक जमाल गांव का रहने वाला है। वह गोवा में रहकर टायर का व्यवसाय करता है। उसकी दादी की मौत हो गई थी। जिनके क्रिया क्रम में शामिल होने के लिए वह गोवा से कुछ दिन पूर्व ही घर पहुंचा था।

### रंगदारी को लेकर एक्स आर्मी मैन के घर पर अपराधियों ने गोलीबारी, डर के साय में पूरा परिवार

**पटना, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। रंगदारी में लाखों रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर अपराधियों ने एक्स आर्मी मैन के घर पर फायरिंग की है। इस घटना से पूरा परिवार डर के साये में है। वहीं इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पटना जिले के बिहटा में इन दिनों अपराधियों का तांडव मचा हुआ है। एक तरफ बिहटा थानाक्षेत्र के डुमरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी और मारपीट हुई।तो वही बुधवार की सुबह में दूसरी तरफ बिहटा थानाक्षेत्र के महुआर गांव में 10लाख रंगदारी को लेकर एक्स आर्मी मैन के घर पर चढ़कर अपराधियों ने मारपीट एवं जमकर गोलीबारी की है। हालांकि इस घटना में किसी को गोली तो नहीं लगी लेकिन गोली चलने के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया।इधर मारपीट के दौरान एक्स आर्मी मैन विनोद कुमार पांडेय ,उनकी मां मालती देवी एवं विकास कुमार घायल हो गए। इधर घटना को लेकर घायल परिवार के लोग बिहटा थाना पहुंचे ।जहां घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया।साथ ही घटना को लेकर घायल एक्स आर्मी मैन विनोद कुमार पांडेय ने बिहटा थाना में आधा दर्जन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# गांव की रक्षा के लिए किसान ने उठाया जोखिम, ट्रैक्टर समेत झुलसे



**अमदाबाद, कटिहार, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। जिला के अमदाबाद प्रखंड में भोलामारी गांव के निवासी मो हक साहेब अपने खेत से गेहूं की फसल काटकर अपने ट्रैक्टर में लोड करके थ्रेसिंग के लिए गांव ला रहे थे इसी दौरान जब वे मुरलीराम टोला टोला पहुंचे तो बिजली के तार के संपर्क में आने से गेहूं में आग लग गई जिसके बाद किसान मो हक साहेब जो स्वयं अपनी ट्रैक्टर चला रहे थे ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर को गांव से बाहर ले गए ताकि गांव को आग से बचाया जा सके। जबकि वो चाहते तो गांव में हीं ट्रैक्टर को अनलोड करके अपनी ट्रैक्टर को बचा सकते थे लेकिन उन्होंने गांव को बचाना उचित समझा हालांकि इस प्रयास में वो स्वयं भी झुलस गए।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**पूर्वी चंपारण,02 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के इजरा गांव में एक विवाहिता का शव पुलिस ने बुधवार को उसके कमरे से मृत अवस्था मे बरामद किया,जिसकी पहचान 28 वर्षीय संजीता देवी पति सुमित तिवारी उर्फ छोटन गांव इजरा के रूप हुई। मृतक के पिता नवी नारायण शुक्ल ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि वर्ष 2022 में संजीता की शादी सुमित तिवारी उर्फ छोटन से बड़े धूम धाम से की थी। दहेज में कुछ राशि कम होने के कारण उसके ससुर सुरेंश तिवारी ,सास व जटाशंकर तिवारी हमेशा प्रताड़ित करते थे। बुधवार की सुबह दामाद सुमित का दिल्ली से फोन आया कि संजीता फोन नही उठा रही है ।तब इजरा पहुंचकर देखा कि कमरा में नीचे अचेत अवस्था मे पड़ी थी, वही उसका फोन व 2 वर्षीय बच्चा गायब था। इसकी सूचना पुलिस को दिया । थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है। आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा 6 से 14 अप्रैल तक मनायेगी स्थापना दिवस

**भागलपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)**। भाजपा जिला कार्यालय रानी तालाब में बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व मे बैठक आयोजित की गयी। जिसमें। भाजपा प्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में यह तय किया गया कि भाजपा 06 से 14 अप्रैल के मध्य स्थापना दिवस मनाएगी। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिनमें पार्टी का ध्वजारोहण, पदयात्रा, स्वच्छता अभियान, चौपाल आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

भाजपा प्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर ने कहा की भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा और संगठन आधारित पार्टी है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है।? संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने से ही पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर 10 से 15 कार्यकर्ता लगातार सक्रिय रहें, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस 6 से 14 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम के तहत 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय और कार्यकताओं के घरों ध्वजारोहण किया जाएगा और कार्यकताओं की ओर से पदयात्रा निकाली जाएगी। 6 और 7 अप्रैल को सभी बूथ पर प्राथमिक सदस्य एकत्रित होकर स्थापना दिवस मनाएंगे और प्रत्येक मंडल में पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक निर्वाचित प्रतिनिधि गांव चलो अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन 8 घंटे गांवों और बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता अभियान, लाभार्थी संपर्क पदयात्रा, चौपाल, बूथ की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं से संपर्क कर कार्यक्रम में भाग लेंगे। 14 अप्रैल को प्रदेश भर में संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री योगेश पांडे ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित पांडे, पवन मिश्रा, रूबी दास, राजीव मुन्ना, अभय घोष सोनू, मुकेश सिंह, राजकिशोर गुप्ता, वंदना तिवारी, उमाशंकर, नितेश सिंह, प्रणव दास, श्वेता सुमन, रूपा रानी साह सहित मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रमुख प्राणिक वाजपेयी ने दी।

# मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की भक्तों ने की पूजा अर्चना



**फलका, कटिहार, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)**। फलका प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में चैती नवरात्र के चौथे दिन माता कुष्मांडा व पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास वातावरण में की गई। पूजा अर्चना को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में दुर्गा पाठ के मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। मां के नौ रूपों की विधि- विधान से पूजा-अर्चना किया जा रहा है।

प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों में बुधवार को नवरात्रि के चौथे दिन मां के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा व पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। फलका बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी सुमन झा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता कूष्मांडा ने ही ब्रहांड की रचना की थी।

इन्हें सृष्टि की आदि- स्वरूप, आदिशक्ति माना जाता है। मां कूष्मांडा सूर्यमंडल के भीतर के लोक में निवास करती हैं। मां के शरीर की कांति भी सूर्य के समान ही है और इनका तेज और प्रकाश से सभी दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं। मां को अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता है।

इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में जपमाला है। मां सिंह का सवारी करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष?मांडा की पूजा का विशेष महत्व है। पौराणिक मान?यताओं के अनुसार, जो भक?त सच?चे मन से नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष?मांडा की अर्चना करते हैं। उन्हें आयु, यश और बल की प्राप?ति तो होती ही है साथ ही माता का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। तथा पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना की जाती है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं।

यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। इन्हें भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। कमल के आसन पर विराजमान होने के कारण से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। नवरात्रा के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित होता है। उन्होंने बताया कि पूजा अर्चना के दौरान मां दुर्गा से समाज और गांव घर में सुख शांति समृद्धि के साथ साथ देश में अमन-चैन का माहौल बरकरार रहे आदि मन्नते मांगी जा रही है।

# भागलपुर में स्कूल मर्ज करने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**भागलपुर**। जिले के नारायणपुर प्रखंड के नगरपारा उत्तर पंचायत में पड़ने वाले मध्य विद्यालय नारायणपुर के मर्ज को लेकर मंगलवार को दर्जनों ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर इसका विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को भी बंधक बनाकर रखा गया?। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय के मर्ज के लिए जो गाइडलाइन निर्धारित की गई है। यह विद्यालय उस गाइडलाइन में नहीं आता है फिर भी इस विद्यालय का मर्ज कर दिया गया। विद्यालय के मर्ज को लेकर इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# लूटी हुई तीन मोटरसाइकिल, छह मोबाइल के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**अररिया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अररिया जिला पुलिस ने हाइवे सहित अन्य सड़कों पर चलने वाले बाइक सवार को अपना निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तीन लूटी हुई मोटरसाईकिल सहित छह मोबाइल बरामद किया है। जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में दी।गिरफ्तार गैंग के सदस्यों में नगर थाना क्षेत्र के गैयारी वार्ड संख्या 15 के गुलशन कुमार पिता नरेश यादव,रामपुर कोदरकट्टी के इमरान सालिक पिता सालकिन आलम और चातर के तिरहुत बिट्टा के फिरोज पिता अलाउद्दीन है।



एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को बीसी थाना क्षेत्र के मिजार्पुर दियारी के रहने वाले मो. ईशा पिता रमजानी अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन से अपने होंडा शाईन एसपी मोटरसाईकिल संख्या बीआर 38 एएफ 2608 से लौट रहे थे।

आरएस थाना अन्तर्गत चन्द्रदेई में मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा हथियार का भय दिखाकर उनसे मोटरसाईकिल एवं मोबाईल लूट लिया गया था।जिसके संदर्भ में आरएस थाना कांड संख्या-56/2025, दिनांक 29.03.2025, धारा-309 (4) बीएनएस के तहत दर्ज की गयी।पुनः दिनांक 30 मार्च को बनगामा के तबरेज आलम पिता अफरोज आलम से मोटरसाईकिल संख्या बीआर 11 एएच 6986 से जाने के क्रम में रात्री साढ़े नौ बजे चन्द्रदेई भमरा पुल के पास घात लगाए तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा देशी कट्टा का भय दिखाकर मोटरसाईकिल,मोबाईल एवं 5 हजार रुपये छीन लिया गया था।इस संदर्भ में आरएस थाना कांड संख्या-57/2025, दिनांक 31.03.2025, धारा-309 (4) बीएनएस के तहत दर्ज की गयी। एसपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह के नेतृत्व में डीआईयू, थानाध्यक्ष आरएस, थानाध्यक्ष अररिया नगर के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल के द्वारा घटना की तकनिकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ सूचना संकलन करते हुए आरएस थाना कांड संख्या-56/2025 में लूटी गई मोटरसाईकिल और मोबाईल बरामद किया गया और आरएस थाना कांड संख्या-57/2025 में लूटी गई मोबाईल एवं घटना में उपयोग में लाया गया मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। घटना करने में बरामद लाल काला रंग का हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल अररिया थानान्तर्गत आजाद कॉलोनी से चोरी गई थी, जिसके संदर्भ में अररिया थाना कांड संख्या-101/2025, दिनांक-08.03.2025, धारा-303 (2) दर्ज की गयी थी।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के पास से छह मोबाइल,पल्सर सहित तीन मोटरसाईकिल बरामद किया गया। छापेमारी दल में आरएस थानाध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी,नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक,नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार,एसआई ऋषि राज, आराधना कुमारी,अंकुर,आरएस अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार,एसआई पुजा कुमारी,त्रिपुरारी कुमार,एएसआई गणेश साह शामिल थे।

# बोची बकरा गांव में मिला तीन जिंदा देशी बम, पुलिस ने किया निष्क्रिय

**अररिया 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला में बैरगाछी थाना क्षेत्र के बोची पंचायत के बकरा टोला गांव में बुधवार को तीन देसी बम मिला है। गांव में बम बरामदगी की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया।

बैरगाछी थानाध्यक्ष कुमारी जूली पुलिस अधिकारियों के साथ गांव पहुंचकर अलग अलग स्थानों पर मिले तीन जिंदा बम को बरामद कर उसे निष्क्रिय करते हुए थाना लेकर आई है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। दरअसल स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी और इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से आपस में पथराव भी किया गया था।जिसमें कई लोगों की जख्मी होने की भी बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात को भी मारपीट के दौरान बम फटने जैसी तेज धमाका हुआ था।

मामले को लेकर बैरगाछी पुलिस ने जांच भी की थी। लेकिन इसी बीच बुधवार दोपहर अलग अलग स्थानों पर जूट की रस्सी से बंधा तीन देशी बम मिलने की सूचना के बाद बैरगाछी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों बम को जब्त करते हुए उसे निष्क्रिय कर थाना लेकर आई है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मामले में एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि बैरगाछी थाना क्षेत्र के बोची बकरा गांव में तीन देशी बम मिले हैं,जिसे डिफ्यूज कर दिया गया है।

बम कैसे और कहां से आया है,पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।वहीं बीती रात दो पक्षों के आपसी झड़प में बम चलने की बात पर एसपी ने उनकी भी जांच करने की बात कही।मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।जमीन विवाद में आपस में झड़प होने की बात करते हुए एसपी ने लिखित शिकायत मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की बात कही।

## कमरे से मिला युवक और युवती का शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में तातारपुर थाना क्षेत्र के सराय स्थित सर्वेंट क्वार्टर में प्रेमी और प्रेमिका ने एक साथ एक कमरे में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या करने से पहले उन्होंने सुसाइड नोट लिखा। उसके बाद प्लास्टिक की रस्सी से दोनों ने गले में फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। उक्त सर्वेंट क्वार्टर में आत्महत्या करने वाला कहलगांव निवासी एमएस होटल का कर्मचारी रोशन भारती था। वह एमएस होटल में कैटरिंग का काम किया करता था। उस लड़के के साथ एक लड़की ने भी सुसाइड कर ली है। कयास यह लगाया जा रहा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका है। हालांकि जब घटना हुई है तो कमरा अंदर से बंद। पुलिस के आने के बाद कमरे का गेट तोड़ा गया। भागलपुर के स्टेशन के पास होटल एमएस मालिक मोहम्मद निजाम के बेटे का हैं। मोहम्मद निजाम खीरी बांध के पूर्व मुखिया थे। घटनास्थल पर तातारपुर थाना पुलिस एवं एफ एस एल की टीम पहुंच गई है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अल्पसंख्यकों की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है सरकार : हुसैन

**किशनगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कांग्रेस के विधायक इजहारूल हुसैन ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस विधेयक के जरिए अल्पसंख्यकों की संपत्तियों पर कब्जा करना चाहती है। विधायक ने कहा कि वक्फ संपत्ति अल्लाह की है, जिसे गरीबों के भले के लिए प्रयोग किया जाता है।



इजहारूल हुसैन ने कहा कि सरकार इस बिल को किसी भी कीमत पर पास नहीं होने देगी और अगर आवश्यक हुआ तो वे इस विरोध को किशनगंज से विधानसभा तक लेकर जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यह बिल सिर्फ अल्पसंख्यकों को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि भविष्य में इससे अन्य धार्मिक स्थलों, जैसे मंदिर, गुरुद्वारे और चर्च भी प्रभावित हो सकते हैं।

विधायक ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह विधानसभा चुनाव में फायदा उठाने के लिए ऐसे विवादास्पद मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले किसान बिल के खिलाफ विरोध करके उसे पास होने से रोका गया था। इजहारूल हुसैन ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा सभी समुदायों के लिए है और सरकार को वक्फ संपत्ति पर अपना नियंत्रण छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹सरकार को यह विधेयक वापस लेना चाहिए, नहीं तो भविष्य में अन्य धर्मों के लोगों की संपत्ति पर भी आक्रमण हो सकता है।₹ उन्होंने सरकार के इस कदम को विकास के मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश करार दिया और कहा, ₹अगर हमें अपनी जान भी देनी पड़े तो हम तैयार हैं।

# वक्फ संशोधन बिल विधेयक गैर संवैधानिक : चक्रपाणि

**भागलपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने बुधवार को बयान देते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल विधेयक गैर संवैधानिक है। यह बिल मुसलमान अल्पसंख्यक विरोधी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विधेयक को अविलंब वापस ले। इंडिया गठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल के सांसद एवं राज्य सभा सांसद द्वारा इस बिल का विरोध करने का निर्णय स्वागत है। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के जमीन का अधिकार केवल मुसलमान का है।

बिल में 90% कानून की धज्जियां उड़ाया गया है। इस लोकतांत्रिक देश में मुसलमान को टारगेट किया जा रहा है। नागरिकता कानून लागू किया जा रहा है। संशोधन बिल में कहा गया कि दान देने के पूर्व 5 साल तक धार्मिक कानून को पूरा करने के बाद जमीन दान किया जाए जो बिल्कुल गलत है। संशोधन बिल में 12000 करोड़ कमाने की बात कही गई है। वक्फ बोर्ड के जमीनों पर सभी जाति के लोगों के जीवन यापन के लिए दुकान खुली है, जिसके कमाई से मुस्लिम गरीब अनाथ बच्चों की पढ़ाई एवं दवाई की समुचित मुफ्त व्यवस्था होती है। सच्चर कमेटी ने भी कहा गया है कि वक्फ बोर्ड की 355 जमीनों पर कब्जा केंद्र एवं राज्य सरकार का है। मोदी की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ दायर कर कहा कि 99% जमीन रजिस्टर एवं ऑनलाइन है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी वक्फ बोर्ड की जमीन को अपने कब्जे में लेकर देश के उद्योगपति अडानी अंबानी जैसे लोगों के देने की साजिश रच रहे हैं' नरेंद्र मोदी इस देश का विकास की बात नहीं करके लोगों को गलत ढंग से गुमराह करना चाहते हैं' जदयू अब बीजेपी की टीम बन गई है। मोदी जी देश के ज्वलंत मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

## चैती छठ एवं रामनवमी को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

**कटिहार, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** चैती छठ एवं रामनवमी को लेकर शांति समिती की बैठक का आयोजन विकास भवन की सभागार मे किया गया। जिसमे तमाम राजनितिक दल के सदस्यों के साथ साथ जिला प्रसाशन के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। आयोजित बैठक जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता मे आयोजित शांति समिती की बैठक मे रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में राज्य सरकार और कोर्ट के आदेश पर जुलुस मे डीजे के साथ साथ किसी भी तरह के हथियार प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध की बात कही गयी साथ ही साथ लाइसेंस के मानक के अनुरूप ही शोभा यात्रा निकालने की अनुमति रहेगी। वही जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी साउंड असोसिएशन पर धारा 107 लगाया गया है, जिस कारण तमाम साउंड असोसिएशन अपने साउंड सिस्टम देने से मना कर दिया है। जिला प्रशासन के निर्देश विरोध जताते हुवे बजरंग दल के पवन पोद्दार ने बताया की जिलापदाधिकारी के डीजे बेंड और परम्परागत हथियार तलवार जैसे हथियार को जुलुस मे नहीं निकालने के फरमान तुगलकी हैं और बजरंग दल ने जिले के हर एक प्रखंड मे शोभा यात्रा स्थगित करने का फैसला लिया हैं। वही कटिहार एसपी वैभव शर्मा ने कहा की इस बार दो हजार पारा मिलेट्री फॉर्स जिले मे तैनात रहेगी साथ ही साथ तमाम आवश्यक दिशा निर्देश इस शांति समिती के बैठक मे दिए गये हैं। जिसका अनुपालन पूर्ण रूप से किया जाना चाहिए साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी भ्रामक पोस्ट करने वालो पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी और ड्रोन कैमरे से भी पूरी निगरानी की जाएग।आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, डीपीआरओ, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित कई थानों के थानाध्यक्ष सहित कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## शिक्षिका पर जानलेवा हमला, गोली मारकर बदमाश फरार

**कटिहार, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के कदवा थाना क्षेत्र में एक शिक्षिका पर हमला हुआ है। तीन अज्ञात बदमाश शिक्षिका सोनी भारती को गोली मारकर फरार हो गए। शिक्षिका को पीठ में एक गोली लगी है, जिससे उनकी हालत काफी नाजुक है। घटना के बाद शिक्षिका नाजुक हालत को देखते हुए पूर्णिया ले जाया गया है। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा कदवा पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष विजय प्रकाश दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिक्षिका सोनी भारती पूर्णिया से रोजाना अपने पति के साथ स्कूटी के सहारे कदवा थाना क्षेत्र के गेठौरा पंचायत में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम आना-जाना करती थी। आज बुधवार को भी वह अपने पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर पूर्णिया से गेठौरा पंचायत में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम आ रही थी, तभी भवनगांव के समीप पूर्व से घात लगाए हुए मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने गोली मार कर फरार हो गए।

## अररिया जिला कांग्रेस का कमान शाद अहमद को, संगठन की मजबूती के साथ पुराने कांग्रेसी परिवार को जोड़ना बताया प्राथमिकता

**अररिया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी में भी परोक्ष-अपरोक्ष तौर पर लग गई है। कांग्रेस भी बिहार में अपनी खोई जमीन को नए सिरे से तलाश में जुटी है।

इसी कड़ी में मंगलवार की देर रात कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बिहार के सभी जिलों में नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा जारी आदेश में अररिया जिला कांग्रेस का कमान शाद अहमद को सौंपा गया है। शाद अहमद पुराने कांग्रेसी रहे हैं और एनएसयूआई से लेकर युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में जिला से लेकर प्रदेश स्तर में कई पदों पर आसीन रहे हैं। फारबिसगंज नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद पद पर भी वे रहे हैं।शाद अहमद के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के ऐलान के बाद फारबिसगंज स्थित राम मनोहर लोहिया पथ स्थित उनके आवास



पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

फूल माला और बुके देकर कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें जिला की संगठनात्मक जिम्मेवारी सौंपी जाने पर बधाई दे रहे हैं। समाजसेवी वाहिद अंसारी, इजहार अंसारी, आदिल खान,दिलीप पासवान, संजीव शेखर, मो. कलाम, आबिद हुसैन अंसारी,पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिन्हा, शंकर प्रसाद साह, युवा कांग्रेस के करण कुमार पप्पू, इरशाद सिद्दीकी, ओवेश यासीन, विधायक अब्दुर्रहमान आदि ने बधाई देते हुए आशा जताई कि शाद अहमद के नेतृत्व में अररिया जिला कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

मौके पर शाद अहमद ने राहुल गांधी समेत प्रदेश अध्यक्ष,प्रभारी सहित पार्टी के सभी शीर्षस्थ नेताओं को दी गई जिम्मेवारी को लेकर आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में सामने बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके उन्होंने संगठन को जिला से गांव और वार्ड स्तर तक मजबूती करने और पार्टी से अलग हुए पुराने कांग्रेसी को फिर से कांग्रेस पार्टी में जोड़े जाने को अपनी पहली प्राथमिकता करार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में ताला तोड़कर हजारों रुपए मूल्य के समानों की चोरी

**अररिया, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति टोला ढोलबज्जा में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा रसोईघर समेत अन्य कमरों का ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य के समानों की चोरी कर ली गई। सुबह स्कूल पहुंचने पर प्रधान शिक्षिका मोनिका भारती ने रसोईघर समेत अन्य कमरों के ताला टूटा हुआ और चार क्विंटल मध्याह्न भोजन का चावल सहित मोटर पंप,सिलेंडर,खाना बनाने और परोसने वाले समान को गायब पाया तो फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को स्कूल में चोरी होने की सूचना दी। जिसके बाद फारबिसगंज थाना से पुलिस अधिकारी अमित कुमार और संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और स्कूल में हुए चोरी की मुआयना की। मामले को लेकर स्कूल की प्रधान शिक्षिका मोनिका भारती के द्वारा फारबिसगंज थानाध्यक्ष को एक लिखित आवेदन देकर स्कूल में चोरी होने और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इससे पूर्व भी स्कूल में कई दफा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना हुई है।

### सहरसा के कन्हैया कुमार का नेशनल डॉजबॉल प्रतियोगिता में चयन

**सहरसा, 2 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 17वीं सीनियर डॉजबॉल प्रतियोगिता बेंगलुरू में आयोजित की जा रही है, जिसमें बिहार टीम में सहरसा के कन्हैया कुमार का सलेक्शन किया गया। संघ के चेयरमैन विशाल कुमार बिट्टू ,सचिव मुरली कुमार, संयुक्त सचिव सुमित यादव, कोषाध्यक्ष राज किशोर मुर्मू, जिला कबड्डी संघ सहरसा के सचिव आशिष रंजन सिंह, संयुक्त सचिव तुषार कात्यायन, संरक्षक सुनील झा, उपाध्यक्ष डॉक्टर आर के रवि, पंकज गुप्ता, संयुक्त सचिव पूजा कुमारी, रवि कुमार, राज यादव, निर्मल, जयंत आदि ने शुभकामनाएं देते हुए कन्हैया के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बाइक सवार अपराधियो ने युवक के पैर में मारी गोली

**पूर्वी चंपारण, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला में तुरकौलिया थाना क्षेत्र स्थित कवलपुर डीह टोला में बाइक सवार अपराधियों ने लूटपाट की नियत से एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली युवक के पैर में लगी है। घायल युवक की पहचान उपेन्द्र सहनी (21) के रूप में हुई है। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।जहां घायल युवक ने बताया कि मंगलवार की देर रात वह शौच के लिए जा रहा था। उसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने उसे घेर लिया और पास में रखे पैसे और मोबाइल देने की मांग की। मना करने पर उन्होंने उसके पैर में गोली मार दी। घायल युवक को तुरकौलिया सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।सदर अस्पताल के डॉक्टरो के अनुसार एक्स-रे में युवक के पैर में गोली फंसी होने की पुष्टि हुई है। ऑपरेशन की जरूरत होने के कारण मरीज को हायर सेंटर रेफर किया गया है।वही मामले को लेकर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घायल उपेन्द्र सहनी का आपराधिक रिकॉर्ड है। वह 2022 में अपने तीन साथियों के साथ जेल जा चुका है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया की घटना को लेकर कई पहलुओ पर जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे कांड का खुलासा कर लिया जाएगा।

### भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक में गांव-मोहल्ला चलो अभियान का आगाज

**कटिहार, 02 अप्रेल (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष मनोज राय की अध्यक्षता में कोढ़ा विधायक कविता पासवान की पहल पर जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिनमें आगामी कार्यक्रम जैसे स्थापना दिवस, कार्यकताओं के घर पर झंडा लगाकर सेल्फी लेना, गांव मोहल्ला चलो अभियान, और विधानसभा सक्रिय सदस्यता सम्मेलन शामिल थे। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। जिनमें क्षेत्रीय प्रभारी नरेश शाह, जिला प्रभारी संतोष सुराणा, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, और कई अन्य शामिल थे।

### शेल्टर होम अधीक्षक के पति ने अधिकारियों की प्रताड़ना को बताया पत्नी के आत्महत्या का कारण

**नवादा, 02 अप्रैल (तरूणत्रि)।** बिहार में नवादा जिला मुख्यालय के बुधौल स्थित वृहद आश्रय गृह (शेल्टर होम) की अधीक्षक कुमारी प्रियंका की पंखे में लटक कर आत्महत्या का कारण उनके पति गणेश कुमार सिंह ने जिले के वरीय पदाधिकारी के उत्पीड़न को बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी को बराबर जिला स्तरीय अधिकारी कारण बताओं नोटिस जारी कर प्रताड़ित किया करते थे ।उन्होंने यह भी कहा कि विगत 10 दिनों में दो कारण बताओं नोटिस जारी कर उनकी पत्नी प्रियंका को जलील किया गया। जिससे काफी हताशा महसूस कर रही थी ।उन्होंने कहा की मौत के दिन सोमवार को भी वीडियो कॉलिंग पर वह अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने के कारण ही पति से नहीं मिलने की बात कह कर आत्महत्या की बात कही है ।उनके पति ने बताया कि शिक्षक के रूप में सिवान जिले में काम करते हैं। प्रियंका कभी-कभी मिलने छुट्टी के दिन चली आई थी ।लेकिन नवादा के अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस जारी कर इतना जलील किया कि अंत वह मौत को ही गले लगाना पसंद की ।उन्होंने कहा कि मिलने नहीं आने की वजह से ही दोनों के बीच रिश्ते भी कड़वे हो गए थे । आत्महत्या के दिन भी मैंने काफी आरजू मिन्नत कर आने की बात कही ।लेकिन प्रियंका इतना परेशान हो चुकी थी कि उसने फांसी के फंदे में लटकाना ही बेहतर समझा। उनके पति ने बताया कि वह बिहार के उच्च अधिकारियों को भी लिखित सूचना देकर कारण परीक्षा करने वाले तथा उसके पीछे काम कर मेरे स्वर्गीय पत्नी प्रियंका को मौत के मुंह में धकेलना वाले अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही की मांग करेंगे । उनके पति के गंभीर आरोप का जिला प्रशासन के कोई अधिकारी जवाब देने की स्थिति में भी नहीं है। हालांकि एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि पारिवारिक कलह ही आत्महत्या का कारण बना । लेकिन मृतक के पति का कहना है कि उनके पत्नी का हत्या का कारण नवादा जिले के अधिकारियों के प्रताड़ना के वजह से हुई है ।जिसके विरुद्ध कोर्ट में भी मामला ले जाएंगे । अगर सही तरीके से जांच होगी तो नवादा जिले में पद स्थापित अधिकारी जो पद के अहंकार में अपने मनमर्जी से अधिकारियों व अपने कनीय को परेशान किया करते हैं ।अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल किया करते हैं ।ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध भी गाज गिरना निश्चित माना जा रहा है । अब देखना है कि इस कांड का सही तरीके से सरकार जांच करा पाती है या नहीं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को शेल्टर होम की अधीक्षक प्रियंका कुमारी की लाश उनके आवास में ही पंखे से लटकी मिली थी ।

# उदयपुर सिटी से फारबिसगंज अप एंड डाउन साप्ताहिक स्पेशल चार ट्रिप रेल सेवा का संचालन 8 अप्रैल से

**अररिया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से फारबिसगंज से उदयपुर सिटी के बीच साप्ताहिक स्पेशल चार ट्रिप रेल सेवा का संचालन 8 अप्रैल से शुरू होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है। गाड़ी संख्या 09623/24 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल ट्रेन वाया अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, ईदगाह आगरा, टुंडला, इटावा, प्रयागराज, पाटलिपुत्र, कटिहार, पूर्णिया, अररिया होते हुए फारबिसगंज पहुंचेगी।

उदयपुर सिटी से फारबिसगंज के लिए इस ट्रेन का परिचालन मंगलवार 8 अप्रैल,15 अप्रैल, 22 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगी,जबकि फारबिसगंज से उदयपुर सिटी के लिए गुरुवार 10 अप्रैल,17 अप्रैल,24 अप्रैल और 01 मई को




ट्रेन का परिचालन की घोषणा की गई है।

यात्रियों को सुगम परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर कई लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ फारबिसगंज से उदयपुर सिटी तक स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी थी,जिसके आलोक में रेल मंत्री के आश्वासन उपरांत उत्तर पश्चिम रेलवे को मिले निर्देशों के आलोक में उदयपुर सिटी से फारबिसगंज के लिए चार जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लेते हुए घोषणा की गई,जिसको लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के प्रति आभार व्यक्त किया है। उदयपुर सिटी से फारबिसगंज के लिए मंगलवार को ट्रेन 16.05 में प्रस्थान करेगी,जबकि गुरुवार सुबह 5.30 में पहुंचेगी।

वहीं फारबिसगंज से गुरुवार को सुबह 9.00 बजे प्रस्थान कर शनिवार 00.40 में पहुंचेगी। फारबिसगंज से उदयपुर सिटी के लिए ट्रेन की मांग लंबे अर्से से की जा रही थी।ट्रेन के परिचालन के फेरों में वृद्धि किए जाने पर डीआरयूसीसी सदस्य बच्छराज राखेचा, इंडो नेपाल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ रेल यूजर्स के सदस्य विनोद सरावगी, रेलवे कम्यूटर्स फोरम के सदस्य राकेश रौशन, रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, पवन मिश्रा नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव रमेश सिंह, गोपाल कृष्ण सोनू, चंदन भगत आदि ने रेल प्रशासन के प्रति आभार जताया है तथा इसके लिए सांसद प्रदीप सिंह के द्वारा किए गए प्रयासों के लिए उन्हें साधुवाद दिया है।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत मंसूर रहमान की सर्जरी के लिए अहमदाबाद रवाना

**किशनगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 4 वर्षीय मंसूर रहमान को बुधवार को सदर अस्पताल से राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के लिए रवाना किया गया। वहां से उन्हें श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाएगा, जहां उनकी निःशुल्क हृदय सर्जरी की जाएगी। यह योजना गरीब परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है, क्योंकि इसके तहत बच्चों के इलाज, दवा, यात्रा और रहने-खाने का पूरा खर्च बिहार सरकार उठाती है। अब तक जिले के 40 से अधिक बच्चों का सफल हृदय उपचार किया जा चुका है। सिविल सर्जन डॉ मंजर आलम ने जन्मजात हृदय रोग के इलाज के महत्व पर जोर दिया और अभिभावकों से अपील की कि अगर उनके बच्चों को सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द या थकान की शिकायत हो, तो तुरंत जांच कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर रही है, ताकि समय रहते इलाज मिल सके।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**तरुणमित्र**

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

गुरूवार, 3 अप्रैल 2025

विक्रम संवत्– 2082, चैत्र शुक्ल पक्ष– पंचमी

# दोराहे पर भाजपा

हाल में भाजपा के चाणक्य और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया कि भाजपा अगले 20 साल, यानी 2045 तक सत्ता में रहेगी और उसे कोई हराने वाला दल अस्तित्व में नहीं है। अगर बिखरे विपक्ष की हालत देखें तो वाकई अमित शाह की बात 100 फीसदी सत्य नजर आती है। लेकिन दिक्कत ये है कि अगले 20 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा अथवा खुद अमित शाह के पास कोई रोडमैप नहीं है। यह भाजपा का सौभाग्य है कि भारत का विपक्ष बिखराव और एकला चलना पसंद करता है। लेकिन 2024 के आम चुनाव इस बात के पुख्ता गवाह हैं कि विपक्ष एकजुट हुआ तो भाजपा को दिक्कत होती है। 2024 में भाजपा 240 पर सिमट गई तो उसका कारण यही था कि विपक्ष इंडिया गठबंधन के रूप में काफी हद तक एकजुट था। अगर पच्छिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कुछ और विपक्ष के अहम दल भी इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होते तो भाजपा अथवा एनडीए 2024 में ही सत्ता से बाहर हो गया होता। बहरहाल, भाजपा के सामने दो बड़ी दुविधाएं हैं। एक तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले साल 75 वर्ष पूरे होने के बाद पार्टी के पास कोई प्रभावोत्पादक चेहरा नहीं। पार्टी में भीतरखाने आलम ये है कि अब तक पार्टी अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन सकी है। दूसरी दुविधा ये है कि पार्टी के अंदर दो धड़े हैं। एक का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं जो सत्ता में बने रहने को, दिखावे को ही सही, मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण मानता है। हाल में प्रधानमंत्री मोदी का अजमेर शरीफ में चादर भेजना और ईद पर देश भर के 32 लाख वंचित मुसलमानों को 'सौगात ए ईद ' भेजना इस विचारधारा का प्रतीक है तो दूसरी ओर उप्र के मुख्यमंत्री योगी जैसे कट्टर हिंदुत्व के अनेक चेहरे हैं जिनकी इसी 'योग्यता' के कारण वे संघ के प्रिय सिद्ध हो रहे हैं। धर्म और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति पर आगे बढ़ने या 'सबका साथ, सबका विकास' में से किसी एक को भविष्य के रोडमैप को लेकर चलना फिलहाल पार्टी के लिए दुष्कर कार्य सिद्ध हो रहा है। दुविधा इसलिए भी है क्योंकि धर्म व सांप्रदायिक विभाजन का नैरेटिव 100 फीसदी सफल नहीं हो पा रहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में उप्र में मात्र 33 सीटें ले पाना और अयोध्या लोकसभा तक गंवा बैठना इस बात का प्रमाण है। वह भी तब, जब चंद रोज पहले ही अयोध्या में आधे अधूरे राम मंदिर के लोकार्पण का देशव्यापी उत्सव हुआ हो। 2019 में चुनाव से ठीक पहले पुलवामा कांड का मुद्दा जिस तरह भाजपा के लिए 'छप्पर फाड़' साबित हुआ था, उस तरह राम मंदिर का मुद्दा 2024 में नहीं चल सका। देश की बात छोड़ दीजिए, भाजपा उप्र में ही अपनी पूर्व में जीती हुई करीब आधी सीटें हार गई और उप्र में 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली 71 सीटों का पार्टी का आंकड़ा, 2019 में घट कर 62 और 2024 में 33 ही रह गया। लोकसभा चुनाव के बाद भी पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने सिर्फ एक राज्य झारखंड में धर्म का कार्ड खेलने का प्रयास किया जो बुरी तरह फेल रहा। बाकी राज्यों हरियाणा, महाराष्ट्र आदि में भाजपा ने धर्म की बजाय जातीय समीकरण पर काम किया और अप्रत्याशित सफलता पाई। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को लग रहा है कि राज्य में धर्म का मुद्दा ज्यादा नहीं चलेगा, इसलिए वह जाति का समीकरण साधने में लगी है।

## हो जाएगा पेश !



बिल बिल का हर तरफ । मच गया है शोर ।।
हर पक्ष ने अपना । है लगाया जोर ।।
हो जाएगा पेश । खबर बड़ी है आई ।।
नफा और नुकसान सब । देख कर अंगड़ाई ।।
संसद से सड़क तक । है चर्चा चहुंओर ।।
किसी को जल्लबाजी तो । कोई भावविभोर ।।
है पूरी तैयारी । मंथन पर विराम ।।
नजरे है टिकाई । पूरी ये आवाम ।।

कृष्णेन्द्र राय

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान



ललित गर्ग

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है।

लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं।

पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गमार्ये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है। संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी।

इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं।

मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है।

सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है।

भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये- इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# वन पर अवैध कब्जे कर हम अपनी सांस को समाप्त करने पर तुले



बाल मुकुन्द ओझा

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है। यह क्षेत्र दिल्लीए सिक्किम और गोवा के कुछ भौगोलिक क्षेत्र से भी बड़ा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश और असम अतिक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

रिपोर्ट में मंत्रालय ने कहा कि मार्च 2024 तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 हेक्टेयर (या 13056 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन था। अभी तक 10 राज्यों ने वन अतिक्रमण पर आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। पिछले वर्ष राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर (या 7506.48 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है। जो देश की राजधानी दिल्ली के आकार से पांच गुना अधिक है। जिन राज्यों ने अपना डेटा नहीं दिया उनमें बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान, तेलंगाना, प. बंगाल, नागालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, असम में वन भूमि पर सबसे अधिक अतिक्रमण किया गया है, जहां 2.13 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा है।

संसद में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसारए वन भूमि पर अतिक्रमण के मामले में महाराष्ट्र दूसरे नंबर (57,554.87) हेक्टेयर पर है। अरुणाचल प्रदेश 53,499.96 हेक्टेयर के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य राज्यों में भी वन भूमि पर अतिक्रमण दर्ज किया गया है, उनमें ओडिशा (40,507.56 हेक्टेयर)ए आंध्र प्रदेश (13,318.16 हेक्टेयर), तमिलनाडु (15,768.48 हेक्टेयर), त्रिपुरा (4,242.37 हेक्टेयर) और सिक्किम (469.16 हेक्टेयर) शामिल हैं। दुनिया में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास और आधुनिक जीवन शैली की वजह से प्राकृतिक वनों पर मानव समाज का दबाव बढ़ता जा रहा है।

इसे ध्यान में रखकर मानव जीवन की आवश्यकताओं के हिसाब से वनों के संतुलित दोहन तथा नये जंगल लगाने के लिए भी विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। मनुष्य के जीवन में वन महत्वपूर्ण रहे हैं। परन्तु जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ वैसे-वैसे मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटना आरम्भ कर दिया। वनों की लगातार कटाई होती गई और वातावरण पर भी इसका प्रभाव पड़ा। आज हमारी स्थिति यह हो गई है की वृक्षों की छाव मिलनी भी दुर्लभ हो गई है। वनों से हमें एक नहीं अपितु अनेकों लाभ है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये वन को बहुत ही उपयोगी, लाभकारी और जीवनदायी बताया गया हैं। वन और जीवन दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। वनों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन और भोजन मिलता है। मनुष्य और अन्य किसी भी प्राणी का जीवन ऑक्सीजन और भोजन के बिना नहीं चल सकता। वृक्ष और वन भू-जल को भी संरक्षित करते हैं। जैव-विविधता की रक्षा भी वनों की रक्षा से ही संभव है।

विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए बहुमूल्य वनौषधियां हमें जंगलों से ही मिलती हैं। वन और वनस्पतियां आक्सीजन देकर हमें जीवन प्रदान करती हैं। बिना आक्सीजन के हम जीवित रह ही नहीं सकते और पेड़.पौधे यही जीवनदायिनी आक्सीजन छोड़ते हैं। एक स्वस्थ पेड़ हर दिन लगभग 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे सात लोगों को प्राण वायु मिल पाती है। वे हमारे द्वारा छोड़ी गई विषैली गैस कार्बन-डाइ-आक्साइड को ग्रहण करते हैं। कुछ वन्य पौधे ऐसे भी होते हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पीपल, नीम, तुलसी, एलोवेरा, एक्समस कैक्टस, सर्पेन्टाइल (स्नेक प्लांट) आर्चिड्स, आरेंजग्रेवेरा आदि ऐसे पेड़-पौधें हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़.पौधे न रहें तो जिन्दा रहने के लिए साँस और जीवन की धड़कन ही बन्द हो जायेगी। अब भी समय है हम समझे और समझाए की पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए कितने अहम और प्राणदायक है। स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए समस्त भू-भाग का एक तिहाई वनों से ढका रहना चाहिए। एक क्षेत्र जहाँ पेड़ों का घनत्व अत्यधिक रहता है उसे वन कहते है। हमारे लिए खुशी की बात यह है कि भारत में वन क्षेत्र में लगातार इजाफा हुआ है।

जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं।

पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## सूडोकु नवताल- 7389

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7388 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# अश्लील और कानफोडू गानों से करें परहेज!



डॉ. सत्यवान सौरभ

शादी एक खास अवसर होता है, जो दो परिवारों की सांस्कृतिक, पारिवारिक और भावनात्मक दुनिया को जोड़ता है। यह केवल दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन है, जिसमें भावनाओं, संस्कारों और परंपराओं का आदान-प्रदान होता है। संगीत इस आयोजन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसका चयन बेहद सावधानी से किया जाना चाहिए। केवल मस्ती और डांस तक सीमित न होकर संगीत को हमारे मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। शादी में बजने वाले गाने रिश्तों की गरिमा, परिवार की भावनाओं और संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं। गानों के बोल और धुनों का असर हमारे मनोबल और शादी के समग्र अनुभव पर पड़ता है। शादी एक पारिवारिक आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न आयु समूहों के लोग उपस्थित होते हैं। माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची और छोटे बच्चे भी समारोह में होते हैं। ऐसे में गानों के बोल शालीन और मर्यादित होने चाहिए ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

जैसे कि, जब हम शादी के सादे और गंभीर समारोहों में भाग लेते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि यह एक गहरे बंधन का प्रतीक है, और इस समय का संगीत वही होना चाहिए जो इस सच्चाई को सम्मानित करे। शादी का संकल्प जीवनभर के लिए होता है। यह एक ऐसा वचन होता है जिसमें दोनों पक्षों का प्यार, विश्वास और समर्पण शामिल होते हैं।

ऐसे में गाने भी ऐसे होने चाहिए जो प्रेम, रिश्ते और परस्पर सम्मान की भावनाओं को व्यक्त करें। ब्रेकअप या धोखा पर आधारित गाने, जैसे 'चन्ना मेरेया' या 'भुला दूंगा', इस अवसर के लिए सही नहीं होते। ये गाने शादी के संकल्प के साथ मेल नहीं खाते हैं। हर शादी की अपनी संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज होते हैं। विशेषकर भारतीय शादियों में पारंपरिक संगीत और धार्मिक अनुष्ठानों का बहुत महत्व है। ऐसे में, गानों के चयन में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक मान्यताओं को ठेस न पहुंचाएं। उदाहरण के तौर पर, यदि शादी एक विशेष धार्मिक रीति से हो रही है, तो हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि संगीत इस परंपरा के अनुरूप हो। शादी एक उत्सव होता है, और संगीत का मुख्य उद्देश्य इस खुशी को बढ़ाना है। जो गाने उत्साह और खुशी से भरे होते हैं, वे इस अवसर को और खास बना सकते हैं। इसके विपरीत, उदास या नकारात्मक गाने जैसे 'तू जो नहीं', 'तुम ही हो' आदि माहौल को फीका कर सकते हैं। संगीत को चुनते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि वह हर किसी के मन को खुशी और सकारात्मकता दे।

शादी के संगीत का चयन करते समय यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि हम उन गानों से बचें जो अश्लील, द्विअर्थी या असंवेदनशील हों। शादी का माहौल पवित्र और पारिवारिक होता है, और इसलिए हमें उन गानों से बचना चाहिए जो भाषा या भावनाओं से मर्यादा लांघते हों। उदाहरण के तौर पर, 'मुन्नी बदनाम' और 'शीला की जवानी' जैसे गाने इस अवसर के लिए उपयुक्त नहीं होते। शादी एक प्रेम और वचन का उत्सव है, और ऐसे गाने जो ब्रेकअप, धोखा या अस्थिर रिश्तों पर आधारित होते हैं, जैसे 'चन्ना मेरेया' या 'भुला दूंगा', शादी के माहौल के अनुकूल नहीं होते। शादी के समय यदि गाने नशे या अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं, तो यह माहौल के अनुरूप नहीं होते। 'दारू देसी', 'लुंगी डांस', और 'माई ड्रिंकिंग' जैसे गाने शादी के गरिमामय माहौल को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ गाने जो केवल तेज आवाज और शोर से भरे होते हैं, जैसे कि अत्यधिक बेस वाले गाने या डीजे ट्रैक्स, वे कभी-कभी माहौल को कष्टकारी बना सकते हैं। इनसे बचने के लिए संगीत का चयन इस तरह किया जाना चाहिए कि हर कोई उसे आसानी से सुन सके और उसका आनंद ले सके। हमारी शादी में सभी वर्गों और समुदायों के लोग उपस्थित होते हैं। ऐसे में किसी भी धार्मिक या जातिगत भावनाओं को आहत करने वाले गानों से बचना चाहिए। (ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा।

**धनु** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मकर** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुम्भ** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

## शब्द पहेली - 8451

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8450 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | ■ | सा | ग | र | ■ | म | जा |
| द | म | न | ■ | म | वा | ली | ■ | म |
| ■ | र | म | ल | ■ | ना | प | ना | ■ |
| स | ■ | क | ह | र | ■ | ना | का | म |
| ली | न | ■ | जा | त | क | ■ | रा | जा |
| का | र | क | ■ | न | ह | र | ■ | क |
| ■ | म | म | ता | ■ | वा | च | न | ■ |
| ना | ■ | ल | क | वा | ■ | ना | य | क |
| व | र | ■ | त | र | फ | ■ | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## नाते सब कमजोर॥

स्वार्थ भरी इस भीड़ में, खोए अपने लोग।
चाहत की इस दौड़ में, छूट गए सब योग॥
सत्य हुआ अब मौन सा, झूठ मचाए शोर।
धन के आगे बिक रहे, नाते सब कमजोर॥
कलियाँ रोती बाग में, पात हुए बेचैन।
सुख की छाया ढूँढते, पंछी अब दिन रैन॥
हरे पेड़ तो कट चले, सूख गए सब खेत।
जल बिन पंछी रो रहे, दिखे रेत ही रेत॥
जल को तरसे धान भी, सूख गए खलिहान।
बादल बिन बरसे गए, रोया देख किसान॥
मन में सच्ची प्रीत हो, वाणी रहे मिठास।
बातें चाहे कम कहो, बन जाए इतिहास॥
झूठ कहे जो जीतता, सच्चा रहे उदास।
कलयुग के इस फेर में, पंजा हुआ पचास॥ -डॉ. सत्यवान सौरभ

# शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व को संपन्न कराने को ले डीएम व एसपी ने की बैठक

**मोतिहारी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की अध्यक्षता में आज रक्सौल थाना परिसर में रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि रामनवमी जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी होगा एवं उसके लिए जुलूस का मार्ग चिन्हित किया जाएगा। सभी समितियों को जुलूस के लिए चिन्हित मार्ग का अनुपालन करना होगा। जिलाधिकारी ने स्थानीय पदाधिकारियो को निर्देश दिया कि रूट वेरिफिकेशन निश्चित रूप से कर लेंगे एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर लेंगे।

डीएम ने कहा कि जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा का प्रयोग किया जाए एवं जुलूस की वीडियो ग्राफी भी कराई जाए। जुलूस के साथ अग्निशमन दल एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था रखी जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर डीजे का प्रयोग बिल्कुल प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस में कोई भी व्यक्ति धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा और धारदार हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जुलूस निकालने वाले संगठन 10 से 15



वॉलिंटियर्स की टीम बना ले एवं उनका मोबाइल नंबर स्थानीय थाना को उपलब्ध करा दें ताकि इनसे संपर्क बना रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न धार्मिक संगठनों के उपस्थित कार्यकताओं से वार्ता कर उनसे भी जानकारी प्राप्त की एवं आस्वस्थ किया कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और सुरक्षित जुलूस निकलवाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरव सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी रक्सौल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनपीएस, यूपीएस व लेबल कोड के विरोध में कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

**बेगूसराय , 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** एमएनओपीएस/ एफएएनओपीएस के आह्वान पर ईसीआरईयू संबद्ध आईआरईएफ/ ऐक्टू ने एनपीएस, यूपीएस व लेबल कोड के खिलाफ काला दिवस मनाया।बेगूसराय गैंग स्टोर में ईसीआर में लगभग दो सौ स्टेशन/स्टोर कार्यस्थल आदि जगहों पर एनपीएस, यूपीएस व लेबल कोड रद्द करने के लिए मनाया काला दिवस। घनश्याम पासवान केन्द्रीय उपाध्यक्ष ईसीआरईयू, एनएमओपीएस एवं फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के राष्ट्रीय आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्पलाईज यूनियन संबद्ध आईआरईएफ/ऐक्टू ने ईसीआर जोन के लगभग दो सौ स्टेशनों से भी अधिक स्टेशन/स्टोर कार्यस्थल पर एनपीएस, यूपीएस एवं लेबल कोड रद्द करने को लेकर काला दिवस मनाया। यह जानकारी यूनियन के केन्द्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम पासवान ने प्रेस के माध्यम से दी। श्री पासवान ने कहा कि कार्मचारी ने एनपीएस, यूपीएस रद्द करो पुरानी पेंशन बहाली करो, लेबल कोड जैसे मजदूर विरोधी काला कानून वापस लो जैसे नारों के साथ तीखे विरोध प्रदर्शन शुरू किया। श्री पासवान ने कहा कि 30 मार्च को एफएएनओपीएस व आईआरईएफ के नेतृत्व में एनपीएस, यूपीएस व लेबल कोड जैसे काले व मजदूर विरोधी कानून के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया था। जो सरकार को चेतावनी के रूप में दिखाया गया था, यदि सरकार मजदूर विरोधी काला कानून वापस नहीं लेती है तो 1 मई को एनएमओपीएस एफएएनपीएसआर व आईआरईएफ के संयुक्त तत्वावधान में लाखों की संख्या में दिल्ली कुच की तैयारी है।

## बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

कमलेश कुमार

**मोतिहारी पु. च., 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाहर्ता सौरभ जोरवाल ने की। बैठक में बंदोबस्त पदाधिकारी कुमार विवेकानंद ने जानकारी दी कि जिले के DLRS पोर्टल पर कुल 136 राजस्व ग्रामों का आरएस खतियान उपलब्ध नहीं है, जबकि 632 राजस्व ग्रामों का खतियान आंशिक रूप से (10% से 20% तक) अपठनीय या अनुपलब्ध है। इस पर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि खतियान को सुधार कर पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी Capital Business System Private Ltd. (CBSPL) को दी जाए। इसके पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी प्रभारी पदाधिकारी, जिला अभिलेखागार, पूर्वी चंपारण को सौंपी गई। इसके अलावा, समाहर्ता ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रपत्र-2 और प्रपत्र-3 (1) (स्वघोषणा) की प्राप्ति अधिकतम सुनिश्चित की जाए। बंदोबस्त पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 1.60 लाख रैयत अपने भूमि संबंधी विवरण अपने-अपने अंचल शिविर कार्यालय में जमा कर चुके हैं। बैठक में नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार यशवंत कुमार, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा मंगला, प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त मनोज कुमार दूबे, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।



# मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**तुरकौलिया पु.च., 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सौरभ मैथमेटिक्स कोचिंग संस्थान में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के संचालक ने बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया एवं अइ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बेबी आलम, डॉक्टर अफजल आलम, विजय कुमार रंजन, प्रिंस कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनकी मेहनत की सराहना की।संस्थान का शानदार प्रदर्शन

संस्थान के संचालक ने बताया कि उनके कोचिंग संस्थान के 70% छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की, जो शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास जारी रहेगा।

टॉपर्स की सूचीः शाहाना खातून - 455,सपना कुमारी - 446,खुशी कुमारी - 444,साहिल राजा - 426,राहुल कुमार - 425,सोहेल आलम - 422,रिमझिम कुमारी - 419, राशिद आलम - 417,शिफा प्रवीण - 415,श्रीकांत कुमार - 413,फैसल आलम - 410,आनंद कुमार - 409, मिनशु राज - 409 अंक से उत्तीर्ण हुए। संस्थान के




संस्थापक सौरभ सर के प्रयासों की भी सराहना की गई। उन्होंने छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर बेहतरीन परिणाम हासिल करने में मदद की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जातिगत आरक्षण में अब सुधार की जरुरत–जैनेंद्र

**भभुआ (कैमूर), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** देश के आजादी के सात दशक बितने के बाद भी जातिगत आरक्षण लागू रहना देश के विकास में बाधा है। उपरोक्त बातें के कूदरा थाना क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जैनेंद्र तिवारी ने एक भेंटवार्ता के दौरान कहा। उन्होंने बताया की देश के कई वीर सपूतों के बलिदान के फलस्वरूप यह देश 1947 मे आजाद हुआ था। उस समय के अनुसार देश मे जातिगत आरक्षण को लागू किया गया था परन्तु आज के समय मे जहां विश्व के अनेक देशों मे विकास के लिए लगातार नये नये प्रयोग किए जा रहे है वही इस देश मे आज भी नेताओ के द्वारा वोट बैंक की राजनीती सेकने के लिए जाती-पाती तथा धर्म के नाम पर जनता को ठगने का कार्य किया जा रहा है। आज के समय मे आरक्षण के संबंध मे बने नियमावली मे सुधार के लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाने का कार्य करना चाहिए तथा अगर आवश्यक हो तो आर्थिक रूप से पिछडे लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। आगे उन्होने कहा की देश के वीर सपूतों ने भारत के विकास का जो सपना देखा था वो आज के समय मे धरातल पर अधुरी नजर आ रही है। जातिगत आरक्षण की मार से बिहार सरकार के कई विभागों मे कार्य कर रहे कर्मचारियों के अजब-गजब कारनामे समय समय पर अखबारों मे देखने को मिलते है। आज के समय मे जो युवा वर्ग नौकरी की तैयारी मे जुटे हुए है उनको जाति के आधार पर मूल्यांकित करना उनके सपनो को तोडने जैसा है।

# भटहां में दीक्षांत एवं सम्मान समारोह आयोजित

**सुगौली, पू.चः, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रखंड के भटहां पंचायत के उच्च विद्यालय भटहां में बुधवार को दीक्षांत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह ने की। आयोजन में विधालय के इंटर और मैट्रिक के टॉप-टेन छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर मेंडल,कलम सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने टॉप किए पल्लवी कुमारी 94% अंक लेकर प्रखंड टॉपर बनी है। अयांश कुमार ने 93% ,आरजू कुमार 88.6%,प्रणीत राज विद्यार्थी 80.2%,अनामिका कुमारी 79.4%, और खुशबू खातून 76%,पुष्पा कुमारी 70%,ऋचा कुमारी 67%,प्रिंस कुमार गिरी 63%,तेजस्वी तेज 62% अंक प्राप्त किये छात्र-छात्राओं की सराहना की




और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह ने अपने संबोधन में छात्रों को बताया कि परिश्रम करके अपने उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। भटहां उच्च विद्यालय की व्यवस्था और शिक्षकों की अच्छी पढ़ाई को लेकर प्रशंसा की और छात्रों से अपील की कि आप विधालय की अच्छी पढ़ाई से लाभ उठावें और अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार गुप्ता ने कई महापुरुषों की जीवन की सफलता की मिशाल दी और कहा कि आप अपने जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित किजिए।

हम शिक्षक वर्ग आप को उस मंजिल तक पहुंचाएंगे। मौके पर उपस्थित अन्य शिक्षक और गणमान्य लोगों ने छात्रों की सफलता की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। वहीं उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह,रामबाबू सिंह,बिंदा प्रसाद,शिक्षक खुशबू कुमारी और बबिता कुमारी सहित अन्य लोगों ने छात्रों को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रधानाध्यापक के साथ आशुतोष कुमार,रामा शंकर साह,प्रकाश कुमार मिश्रा,नीतीश कुमार तिवारी,खुशबू कुमारी,बबिता कुमारी,नेहा कुमारी,सीमा कुमारी,बृजेश कुमार वर्मा,सुनील कुमार,पूजा कुमारी,कविता कुमारी और मंजू देवी उपस्थित थी। मंच का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार गुप्ता ने किया।

## जन सुराज के बखरी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी ने किया दौरा

**बखरी संवाददाता, बेगूसराय, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बखरी विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी और बखरी प्रखंड के प्रमुख शिवचंद्र पासवान इन दिनों क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। वे इस दौरे के दौरान आम जनता से मिलकर उनके मुद्दों और समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। यह दौरा न केवल उनके चुनावी अभियान के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के विकास और समाज की भलाई व समर्पण को भी दशार्ता है।शिवचंद्र पासवान का यह दौरा विभिन्न गांवों और कस्बों में हो रहा है, जहां वे स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। उनका मानना है कि आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने से ही उनकी समस्याओं का सही समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने जल, सड़क, बिजली, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता दी। लोग उनसे अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीदें लगाए हुए हैं। श्री पासवान इस उम्मीद को पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा कर रहे हैं। बखरी प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने मुख्य रूप से जल संचयन और बिजली संकट की शिकायत की। कई स्थानों पर जल संकट गंभीर रूप से महसूस किया जा रहा है, और किसानों को सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कुछ गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति भी चिंताजनक है। जिससे किसानों की खेती और ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया और कहा कि वे इन समस्याओं को प्राथमिकता देंगे। यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की दिशा में काम करने के लिए जनता की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है।

# मटियरिया की मिठू कुमारी बेहतर अंक लाने पर हुई सम्मानित

## गन्ना मंत्री व सोमेश्वर नाथ मठाधीश्वर ने किया सम्मानित

**हरसिद्धि, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शिव प्रसाद तिवारी । प्रखंड क्षेत्र के मटियरिया निवासी हृदयानंद तिवारी की द्वितीय सुपुत्री मिट्ठू कुमारी को इंटरमीडिएट में बेहतर अंकल आने को लेकर अरेराज अग्रदूत परिवार के द्वारा बुधवार को सम्मानित किया गया।

बताते चले मिट्ठू कुमारी इंटरमीडिएट की परीक्षा में कल 419 अंक लाकर 83% की श्रेणी में आ गई जिससे अपने क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले का नाम रोशन किया है.अग्रदूत परिवार के द्वारा मैट्रिक व इंटरमीडिएट में प्रतिशत 75% अंक से ज्यादा लाने वालों को सम्मानित किया गया. जिसमें बहुत सारे छात्र एवं छात्राओं को भी सम्मानित किया गया है.



यह सम्मान बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान व अरेराज बाबा सोमेश्वर नाथ धाम के मठाधीश्वर रवि शंकर गिरी जी महाराज ने सर्टिफिकेट व गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया. मंत्री कृष्णानंद पासवान ने कहां मिट्ठू कुमारी के बेहतर अंक लाने से यह प्रतीत होता है कि छात्राएं छात्र से कम नहीं है. मठाधीश्वर रविशंकर गिरी जी महाराज ने सभी का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए देश एवं जिले का नाम और भी रोशन करने को कहा. उक्त कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोगों को उपस्थित देखा गया.

## डीजे ऑपरेटरों को एसडीओ का सख़्त आदेश ध्वनि प्रदूषण को करें नियंत्रित

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सदर अनुमंडल सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग की अध्यक्षता में चैती दुर्गा पूजा को लेकर एक विशेष बैठक की गई, जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ साथ डीजे ऑपरेटर भी शामिल हुए। आहूत बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा पर्यावरण को संतुलित करने के उद्देश्य से डीजे से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण मुक्त शहर बनाना है, इसके लिए आवश्यक है कि डीजे की ध्वनि को नियंत्रित किया जाए। एसडीओ अमित अनुराग ने निर्देश दिया कि हर हाल में सरकार द्वारा निर्धारित मानक का अनुपालन करें। सरकारी आदेश की अवहेलना करने वाले डीजे ऑपरेटरों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपस्थित सभी ऑपरेटरों ने प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## कार्यकर्ताओं के बदौलत ही भाजपा विश्व की नंबर 1 पार्टी: सुरेंद्र

### नवगठित जिला पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



नन्दकिशोर दास

**बेगूसराय, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा के द्वारा नवगठित जिला पदाधिकारी का दायित्व ग्रहण समारोह एवं जिला कोर कमेटी की बैठक बाघा स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में हुई। बैठक की शुरूआत वंदे मातरम गायन के साथ प्रारंभ हुआ। सभी जिला पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं उन्हें नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गई।

सम्मान समारोह में जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, नगर विद्यायक कुंदन कुमार, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, जिला परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार अमर, रामशंकर पासवान, वरिष्ठ नेता कृष्णमोहन पप्पू, नवीन सिंह, डॉ सुरेश प्रसाद रॉय, राजीव सिंह, नीरज नवीन, अनिता राय मंचासीन थे। जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने नवगठित जिला पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि संगठन ने काफी विश्वास के साथ आप सभी को नई जिम्मेदारी दी है। इस जिम्मेदारी का आप सभी सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के सातों की सातों सीट पर जीत दर्ज करने के मूल मंत्र के साथ हम सभी को आगे बढ़कर काम करना है। बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी के रीढ़ हैं। इन्हीं कार्यकताओं के बदौलत ही भाजपा विश्व की नंबर 1 पार्टी है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त सभी के कंधों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का आप लोग बखूबी निर्वहन करेंगे। नगर विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जहां न कोई छोटा है ना कोई बड़ा है। सभी कार्यकताओं की यहां बराबर की हिस्सेदारी है। आगामी विधानसभा चुनाव में हम सभी को एकजुट होकर विजय संकल्प को दोहराना है। विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि राजीव वर्मा के नेतृत्व में एक अच्छी टीम का गठन किया गया है। पार्टी के एक-एक समर्पित कार्यकर्ता व नवगठित जिला पदाधिकारी जो भी हैं, सभी का एक ही लक्ष्य है वो है भाजपा का कमल निशान।

# हंसोड़ मंत्री अरुण वर्मा (पत्रकार) को मिला राष्ट्रीय मूर्ख पदक

## गृह तोड़ मंत्री मधुबाला ने दिया हंसने हंसाने का विचित्र टॉनिक

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विश्व मूर्ख दिवस पर मूर्खों की आम राय से मूर्खिस्तान देश के नए निर्वाचित प्रधान मंत्री डॉ अरविन्द वर्मा तथा राष्ट्रपति सुरेश पोद्दार हुए। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की सहमति से हंसोड़ मंत्री अरुण वर्मा तथा गृह तोड़ मंत्री मधुबाला को बनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में हंसोड़ कलाकारों कवियों, कवयित्रियों, समाज सेवियों, पत्रकारों तथा समाज सेवियों ने अपने अनोखे अंदाज में एक से बढ़ कर एक दृश्य प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हंसाया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा वर्तमान युग में घर घर तनाव से मुक्ति का एकमात्र दवाई है हंसो और हंसाओ। वैसे तो 365 दिन में हर दिन लोग एक दूसरे को अपने अपने हितार्थ मूर्ख बनाते रहते हैं। मगर,आज पूरे विश्व में इसलिए विश्व मूर्ख दिवस मनाया जाता है ताकि कम से कम वर्ष में एक दिन तनाव मुक्त रह सकें। अरुणोदय सांस्कृतिक मंच के संस्थापक अरुण वर्मा ने हास्य व्यंग पर आधारित गीत प्रस्तुत कर हंसोड़ आंदोलन को बढ़ावा दिया। स्वागताध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने आने वाले सभी मूर्खों को कागज के प्लेट मीठा और झालदार प्रोडक्ट देकर स्वागत किया। चम्पा राय ने अपनी सुरीली आवाज में स्वागत गीत एवं हास्य व्यंग पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत कर हंसी का फव्वारा चला दिया। मधुबाला ने मूर्खों की एकता कैसे कायम रहे इसके लिए कई प्रकार का व्यंग्यात्मक टॉनिक दिया।

बासुदेव विधाता के चुटिले चुटकुले से दर्शा हंसते हंसते लोटपोट हो गए। युवा




पत्रकार आनंद राज ने कहा टेंशन भगाने का जो प्रयोग अरुण वर्मा ने किया वो कबीले तारीफ है। इनके हंसोड़ आंदोलन को बढ़ावा मिलनी चाहिए। आयोजक अरुण वर्मा ने हंसोड़ आंदोलन को गांव गांव तक फैलाने के लिए अपनी रूप रेखा से लोगों को अवगत कराया, जिसे हर्ष ध्वनि से पारित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित गृह रक्षा वाहिनी के हवलदार शैलेन्द्र कुमार, एडवोकेट ओम प्रकाश अग्रवाल, युवा राजद के ज़िला उपाध्यक्ष रितेश ठाकुर, राजेंद्र कुमार तथा आशीष कुमार मिश्रा ने भी व्यंग्यात्मक रूप से अपना अपना परिचय दिया और अजूबा करतब दिखाया। दुनियां के मूर्खों एक हो, दुनियां के मूर्खों एक हो के नारे से परिसर गूंज उठा। और तो और मूर्खिस्तान देश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री डॉ अरविन्द वर्मा एवं राष्ट्रपति सुरेश पोद्दार ने खुद मोटरसाइकिल पर बैठ कर नगर भ्रमण कर लोगों को हंसने हंसाने के लिए जागृत भी किया। कार्यक्रम के बीच बीच में सभी मूर्ख ठहाका मार मर कर हंसते नजर आए। युवा पत्रकार अभिषेक राज एवं ब्रजेश विभु की अदाकारी भी लोगों को भाया।

# पत्नी की हत्या कर शव को जलाने का किया प्रयास, आरोपी पति फरार

## शव को सड़क पर रख लोगों ने किया सड़क जाम, प्रदर्शन

**बिक्रमगंज ( रोहतास), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को बिक्रमगंज के नटवार रोड स्थित वार्ड संख्या दस में एक सनकी पति के द्वारा अपनी ही पत्नी की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतिका के पिता श्री भगवान सिंह के द्वारा बताया गया कि मृतका के पति टीपु साह के द्वारा पुत्री को अपने घर( मायके )ले जाने के लिए बोला जा रहा था। पुनः रात्रि के करीब 2:00 बजे मृतका के पति के द्वारा मोबाइल पर सूचित किया गया कि मृतिका ममता देवी की काफी तबीयत खराब है जब मृतका के पिता सुबह मृतका के ससुराल बिक्रमगंज पहुंचे तो देखा कि घर में मृतका की सास और मृतका के दो मासूम बच्चे हैं। बच्चों से पूछने के बाद पता चला कि मृतिका के पति शव को लेकर दाह संस्कार करने के उदेश्य से बक्सर चला गया हैं । इस बात की जानकारी मृतका के परिजनों के द्वारा बक्सर पुलिस को दी गई ,बक्सर पुलिस ने मृतका के पति के साथ शव को पुनः एम्बुलेंस से बिक्रमगंज के लिए भेज दिया, जहां रास्ते मे ही मृतिका का पति वाहन से उतरकर भागने में सफल रहा। मृतिका का शव बिक्रमगंज थाने में पहुंचते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों के द्वारा



थाने पहुंच मृतका के शव को एंबुलेंस से निकालकर थाने के मुख्य द्वार के सामने आरा-सासाराम मुख्य पथ पर शव को रखकर काफी देर तक सड़क जाम कर रोहतास एसपी को बुलाने की मांग को लेकर अड़े रहे ।जाम की वजह से यातायात घंटों बाधित हो गया। विक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार के द्वारा काफी मशक्कत कर समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने शव को हटाया व यातायात बहाल हुआ। बताते दें कि मृतिका का वर्ष 2014 में हुआ था शादी। मृतका को एक 7 वर्षीय पुत्री दर्पण कुमारी व 5 वर्षीय पुत्र अंगद कुमार का रो रो कर हाल बुरा हुआ है। मामले में राजपुर निवासी मृतिका के पिता श्री भगवान साह के द्वारा स्थानीय थाने में मृतिका के पति टीपू साह, सास शांति कुँवर के अलावे एक अन्य सागर साह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ने इस मामले में छानबीन कर उचित कार्रवाई करने की बातें कहीं।

# रोहतास जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने अमरेंद्र

**बिक्रमगंज (रोहतास), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** रोहतास जिला के कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे को नियुक्त किया गया है इसकी सूचना पार्टी मुख्यालय द्वारा जारी पत्र से प्रकाशित की गई। ज्ञात हो कि अमरेंद्र कुमार पांडे अनुमंडल क्षेत्र के सुर्यपुरा थाना के कैलानी गांव के रहनेवाले है जो लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम के लिए जाने जाते हैं।ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेनुगोपाल द्वारा हस्ताक्षरित सूची में अमरेन्द्र पांडे का नाम रोहतास जिले के अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया।यह नियुक्ति पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए की गई है।अमरेंद्र पांडे की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है।युवा कांग्रेस नेता सह जिला उपाध्यक्ष मो.अय्यूब खान एवं अजय चौबे ने उनके बिक्रमगंज स्थित आवास पहुंच कर फूल माला एवं मिठाइयां खिला कर बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में रोहतास जिले में कांग्रेस की पकड़ मजबूत होगी और कार्यकताओं में नया जोश भरेगा।रोहतास जिले का पहला ये अध्यक्ष होंगे जो कि बिक्रमगंज से किसी कार्यकर्ता को बनाया गया है।प्रदेश कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने अमरेंद्र पांडे को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।उम्मीद की जा रही है कि वे जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाएंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर अमरेन्द्र पांडेय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी,श्रीमति सोनिया गांधी,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी,लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति मीरा कुमार,कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजीत,श्रीमति प्रियंका गांधी,एआईसीसी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह कुटुंबा विधायक राजेश कुमार का आभार जताया है।

# आगजनी से बेघर हुए पीड़ित परिवार को अंचल से मिला त्रिपाल

**कोचस (रोहतास), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बीते रविवार को प्रखंड क्षेत्र के पंडितपुरा गांव में दो गरीब किसानों के घर अचानक लगी आग मे हजारों रुपए के साथ साथ सब कुछ जल नुकसान हो गया था। जिसमें जलने के बाद पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजे को दिलाने के लिए अंचलाधिकारी ने आश्वासन दिया था। कोचस अंचलाधिकारी विनीत व्यास ने बुधवार को पीड़ित परिवार पंडितपुरा निवासी अर्जुन चौधरी पिता बिहारी चौधरी एवं आशा देवी पति लव कुश चौधरी को अंचल कार्यालय बुलाकर दोनों पीड़ित परिवारों को घर के ऊपर आशियाना बना कर रहने के लिए दो त्रिपाल दिया है। वहीं विनीत व्यास ने बताया कि आगजनी की जांचों उपरांत सरकार द्वारा मिलने वाली राशि के लिए लिख पढ़ कर कागजात को



भेज दिया गया है।

जल्द ही आश्रित को मुआवजे मिल जाएगा। वही उक्त पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों ही गरीब परिवार है, मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है।

पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली हर सुविधा दिलाई जाएगी।

## पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का किया खुलासा,12 बाईक बरामद

**पूर्वी चंपारण, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में पताही थाना पुलिस ने एक संगठित वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की 12 बाइक बरामद किया गया हैं। पकड़े गये वाहन चोर गोलू कुमार और सुमन कुमार बताये गये हैं। डीएसपी सह एएसपी पकड़ीदयाल मोहिबुल अंसारी ने मामले का खुलासा करते बताया कि पताही पुलिस के द्वारा क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर बाइक सवार दो लोग पर पड़ी पुलिस ने दोनों को रूकने का इशारा किया तो वे सकपका गए एवं दोनों भागने की कोशिश की, लेकिन उसमें वो कामयाब नहीं हो पाए। पहले तो पूछताछ में उन्होंने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो उन्होंने सच्चाई उगल दी। पूछताछ के दौरान बताया कि वे बाइक चोर गिरोह के सदस्य हैं। अलग-अलग जगह से बाइकों की चोरी कर नेपाल में बेचते है,वही कुछ बाइको को कटिंग कर कबाड़ में बेचते है।

# मामूली विवाद : दो पक्षों के बीच जमकर चले ईंट पत्थर, तीन प्राथमिकी दर्ज, 27 लोग गिरफ्तार

**सासाराम, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मरोझियां गांव से दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। घटना बुधवार की बताई जाती है, जहां गांव में कुत्ते और बकरी के विवाद में दो पक्ष आपस में हीं उलझ गए और देखते हीं देखते दोनों ओर से पत्थरबाजी होने लगी। इस दौरान दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने की भी सूचना प्राप्त हुई है, जिनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नासरीगंज में इलाज चल रहा है।बताया जाता है कि बुधवार को मरोझियां गांव में एक कुत्ते द्वारा बकरी के काटे जाने के बाद दो पक्षों में गरमा गरम बहश हो रही थी लेकिन इसी क्रम में विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि देखते हीं देखते गांव की गलियों और घरों पर बड़े-बड़े पत्थर बरसने लगे। पत्थरबाजी में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

**घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, दोनों ओर से हिरासत में लिए गए लोग**

वहीं पत्थरबाजी की सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर तत्काल नासरीगंज थाने की पुलिस पहुंची गई और इसके बाद एसपी रौशन कुमार भी अपने दल बल के साथ पहुंचे। भारी संख्या में पुलिस फोर्स को देख असामाजिक तत्व इधर-उधर भागने लगे और इस क्रम में पुलिस ने लगभग 30 से 35 लोगों को हिरासत में ले लिया। साथ हीं पुलिस ने स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया है और एहतियातन गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती भी कर दी गई है।

**डीएसपी ने की घटना की पुष्टि**

मामले को लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मरोझियां गांव में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसको लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों से कुल 30-32 लोगों को हिरासत में लिया गया है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

**पत्थरबाजी का वीडियो वायरल**

वहीं गांव में पत्थरबाजी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते, लेकिन वीडियो घटना से जुड़े मरोझियां गांव का बताया जाता है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कुछ लोग घर की छतों पर चढ़कर लगातार बड़े-बड़े पत्थर बरसा रहे हैं।

**जानवर को पीटने पर बढा विवाद- एसपी**

घटना को लेकर एसपी रौशन कुमार ने बताया कि नासरीगंज थाना के मरोझियां गांव में जानवर को पीटने के विवाद में दो परिवारों के बीच पत्थरबाजी हुई है, जिसमें आठ लोग घायल हुए हैं। एसपी ने बताया कि घटना को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज करते हुए 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

# 5187 बकायेदार उपभोक्ताओं का काटा गया कनेक्शन व 175 पर प्राथमिकी दर्ज

**विक्रमगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत प्रशाखा स्तर पर कई डिस्कनेक्शन टीम बनाकर सुबह से शाम तक लगातार डिफॉल्टर विद्युत उपभोक्ताओं के लाइन डिस्कनेक्शन में कर्मी व अधिकारी लगे हुए थे। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम ने बताया की मार्च में 5187 डिफाल्टर विद्युत उपभोक्ताओं का लाइन डिस्कनेक्ट किया गया, जिसमे से 1799 उपभोक्ताओं ने अपना बिजली बिल जमा कर लाइन को पुनः चालू करवाया। डिसकनेक्ट किये गए विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 11032267 राजस्व संग्रहण किया गया। आगे बताया गया की विद्युत चोरी करने वाले 175 लोगों पर सम्बंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसमे कुल जुमार्ना की राशि 4130281 है एवं मार्च महीने में विभाग को 2177932 राजस्व एफआईआर से प्राप्ति हुई है। विद्युत विभाग ने राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कई विशेष प्रयास किए हैं, जैसे कि छुट्टियों में भी बिल जमा काउंटर खुले रखना और बकाया बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाना। यह संग्रहण उपभोक्ताओं की जागरूकता, प्रभावी बिलिंग प्रणाली और पारदर्शी प्रबंधन का परिणाम है। इस वर्ष राज्य की वितरण कंपनियों द्वारा अपने अपने बेहतर प्रबंधन एवं दक्षता वृद्धि के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में एटी एंड सी लॉस के मद में सरकारी अनुदान की आवश्यकता समाप्त हो चुकी है। इससे राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों पर पड़ने वाला भार भी कम हुआ है। इस उपलब्धि को बिहार की ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक बताते हुए कहा कि पूर्व में बिजली कंपनियां पूर्णतः राज्य सरकार के अनुदान एवं वित्तीय सहयोग पर आश्रित थी। वे अब न केवल अब वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो गए हैं बल्कि राज्य के राजकोष में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और किफायती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## थावे जंक्शन पर एमयूटीएस के माध्यम से पांच हजार रुपए का टिकट कटा

**गोपालगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे के थावे जंक्शन पर मोबाइल अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम ( एम यूटीएस )की शुरूआत बुधवार से की गई. डीसीआई सिवान विशाल कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक वाराणसी शेख रहमान के निदेर्शानुसार थावे जंक्शन पर एमयूटीएस की शुरूआत की गई है. उन्होंने बताया कि स्टेशन पर घूमते फिरते यात्रियों को एमयूटीएस के माध्यम से टिकट प्रदान की जाएगी. पहले दिन घूमते फिरते यात्रियों से पांच हजार रुपए का टिकट काटा गया. मौके पर सीसीटीसी व्यास चौहान, स्टेशन अधीक्षक योगेंद्र सिंह और आरपीएफ के संतोष कुमार राय मौजूद थे।

## वक्फ बोर्ड बिल के विरोध में धरना-प्रदर्शन की तैयारी में मुस्लिम संगठन

**गोपालगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।**एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव और सारण के प्रभारी अनस सलाम ने वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ विरोध जताया है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बिल को पेश कर दिया है. जबकि इससे पहले ही इस पर विरोध उठ चुका था. उनका मानना है कि यह बिल मुसलमानों के हित में नहीं है और इससे वक्फ संपत्तियों के नियंत्रण में हस्तक्षेप किया जाएगा. यह मुस्लिम समाज के लिए नुकसानदायक हो सकता है. अनस सलाम ने कहा कि इस बिल के पेश होने के बाद लोगों में नाराजगी और गुस्सा बढ़ी है और इसे लेकर विरोध की लहर उठ रही है. उन्होंने उदाहरण के रूप में शाहीन बाग आंदोलन का जिक्र किया. जिसमें सीएए, एनपीआर और एनआरसी के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किए गए थे. उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ बोर्ड बिल के विरोध में अब मुस्लिम समुदाय एकजुट होगा और धरना प्रदर्शन किया जाएगा. मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ संघर्ष की तैयारी कर ली है और एआईएमआईएम इसका समर्थन करेगी. अनस सलाम ने साफ किया कि उनका संगठन इस मुद्दे पर पूरे देश में मुस्लिम समुदाय को जागरूक करने और विरोध में शामिल होने के लिए तैयार है।

## नवरात्रि के चौथे दिन थावे मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना

**गोपालगंज, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर थावे में चैत्र नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की. इस बीच महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी रहीं. श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिर में मां के तीसरे रूप माता चन्द्रघंटा की पूजा अर्चना कर जीवन सुखमय एवम मंगलमय तथा शांति की कामना की. मंदिर के प्रधान पुजारी संजय पाण्डेय के द्वारा सुबह मां की आरती करने के बाद भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी. मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा. वही भीड़ को नियंत्रण करने में बीडीओ अजय प्रकाश राय, सीओ कुमारी रुपम शर्मा ,थानाध्यक्ष हरेराम कुमार के नेतृत्व में टीओपी प्रभारी सुनील कुमार यादव,पंकज कुमार एवं शैलेन्द्र कुमार पप्पू सहित दंडाधिकारी एवम्-पुलिस पदाधिकारी के साथ महिला पुलिस एवम पुलिस के जवान तैनात रहे. वहीं दूसरी तरफ रहसू भक्त मंदिर और लछवार दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की.वहां पर भी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

## बीडीओ ने आवास लाभुक का किया जांच

**नौहट्टा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर, बलतूआ, बिशुनपुर, बेलौंजा, दारानगर महादलित टोला, सतियाड गांव में आवास योजना में लाभुकों के घर बुधवार को बीडीओ मेहनाज जविन ने पहुंचकर जांच किए। बताया गया कि वरीय अधिकारियों को आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर बिचौलियों के द्वारा पैसे की उगाही की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर वीडिओ मेहनाज जविन ने लाभुकों के घर पहुंच कर जांच किया और अपील किया कि किसी के बहकावे में आकर किसी को भी आवास योजना में लाभ के नाम पर एक भी पैसा न दें। बीडीओ मेहनाज जविन ने बताया कि दो पंचायत में तकरीबन 40 लाभुक की जांच किया गया है।

# स्वराज इंडिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**कोचस (रोहतास), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय शिवपूजन सिंह द्वारा जन सहयोग द्वारा बनाया गया समाजवादी भवन मे बिहार इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता अनंतराम ने की सभा के संबोधन मथुरा सिंह ने कहा कि 2 अप्रैल से 3 अप्रैल तक चलेगा। विगत तीन चार दशको से समाजवादी विचार धाराओं का देश में चलने वाले तमाम जन आंदोलनों जैसे किसान आंदोलन आजादी बचाओ आंदोलन, एनरान अगाओ आंदोलन, डंकल प्रस्ताओं के खिलाफ जन आंदोलन, नर्मदा बचाओ आंदोलन स्वदेशी जागरण आंदोलन, भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना हजारे आंदोलन, भारत जोड़ी अभियान का पाँच माह का पदयात्रा आंदोलन तमाम जन आंदोलनों में



कोचस रोहतास इकाई ने चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया था इन तमाम संघर्षों से अपनी एक पहचान बनाई है।

लेकिन एक लंबा सफर के बाद हमने तमाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेताओं को खोया है जैसे, किशन पटनायक, शिवपूजन ,राय किशोर,राय वीर, सुनील राजनारायन , स्वाती सिन्हा, धनश्याम शुक्ल, शिव चंद्र आई, सोमनाथ त्रिपाठी, विश्वनाथ बागी शिव कुमार जी भागीरथी साह, लाल बिहारी प्रसाद राम, अवतार शाह, मित्रा देवी,उगाना देवी, लाल मुनि राम, शिव प्रसन्न , राकेश सिन्हा जैसे- तमाम साथियों को जाने से हम जरूर मर्माहत है लेकीन आज तमाम घटनाओं का अनुभव रखते हुए इस विचार धाराओ का दीपक जलाकर रखे है आज हम इस शिविर में हम क्या संकल्प लेंगे हमारे लिए कठोर कि घड़ी है बहस से जो हम संकल्पित होंगे। पहला दिन विषय स्वराज इंडिया,स्वराज अभियान, भारत जोड़ों अभियान,दूसरा दिन संगठन निर्माण और कार्यक्रम ।

जय किसान आंदोलन, महिला छात्र-छात्रा, वृद्ध विधवा युवा मजदूर भूमिहीन आंदोलनों पर विचार करेंगे। उपस्थित जानकी भगत ,भोलानाथ सिंह, जयशंकर सिंह, हरदेव पाल, हीरालाल सिंह,राजेंद्र सिंह,बालेश्वर पाल,आशुतोष कुमार,सालिक राम,विक्की यादव समेत बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अस्थाचगमी सूर्य को आज दिया जायेगा पहला अर्घ्य

**सासाराम, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के प्रमुख बाजारों में चैती छठ महापर्व को लेकर काफी चहल पहल रहा।जहां व्रतियों ने फल फूल की खरीददारी की।शुद्धता एवं पवित्रता का महापर्व छठ साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक के शुक्ल पक्ष में और दूसरा चैत माह के शुक्ल पक्ष में। छठ पूजा का पर्व चार दिनों का होता है। छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय से होती है और सूर्योदय के अर्घ्य देकर पारण करने के बाद समाप्त होती है। चैत्र शुक्ल चतुर्थी 4 अप्रैल यानी गुरुवार को अस्ताचलगामी शुरू को व्रती अपना पहला अर्घ्य अर्पण करेंगे। चैती छठ की खास बात यह है कि इसे नवरात्रि के छठे दिन मनाते हैं। इस दिन देवी के छठे रूप देवी कात्यायनी की पूजा होती है। जबकि नहाय-खाय के दिन देवी के कूष्मांडा रूप की पूजा होती है। खरना के दिन देवी स्कंदमाता की पूजा होती है। इसलिए चैत्र नवरात्रि के दौरान जो श्रद्धालु चैती छठ का व्रत रखते हैं, उन्हें छठ मैया के साथ देवी दुर्गा का भी आशीर्वाद मिलता है।

# एसपी के निर्देश पर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**नासरीगंज रोहतास, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** एसपी रौशन कुमार के निर्देश पर मंरोझिया गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम अनिल बसाक और एसडीपीओ कुमार संजय के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शांति समिति के सदस्यों के अलावा दोनों पक्षों के पंद्रह-पंद्रह लोगों को आमंत्रित किया गया। अधिकारियों ने परिस्थितियों की पूरी जानकारी ली। और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। साथ ही उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों को विशेष दिशा निर्देश दिया।

वहीं अधिकारियों ने निर्णय लिया कि रामनवमी के बाद गांव में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की जाएगी। जिसमें लोगों ?से उनकी समस्याएं सुन कर उनका समाधान किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम और एसडीपीओ ने स्थानीय बीडीओ को विशेष निर्देश दिया है।

मौके पर बीडीओ नौशाद आलम सिद्दीकी, थानाध्यक्ष अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार, पूर्व प्रमुख पवन कुमार, मुखिया कृष्ण कुमार सिंह, बीडीसी साजिद अंसारी, नगर के पूर्व उपमुख्य पार्षद सेराजुल हक, पार्षद शमशाद अहमद परसवी, गुलाम मुस्तफा उर्फ बेचू, डॉ० अमरेंद्र कुमार, मन्ना खां, शैलंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, अमित कुशवाहा, संजर खां, संजय कुमार, मदन केसरी, शाकिर खां, रिजवान फिरदौस, लालबाबू उर्फ संजय कुमार, हेलाल खां, अजमेरी कुरैशी, चंद्रकांत कुमार मुन्ना, अमित वर्मा, वीरेंद्र कुमार, अनिल सिंह और परवेज खां इत्यादि उपस्थित थे।

## गोडारी नहर पुल के नीचे दिखा नवजात शिशु, इंसानियत शर्मसार

**विक्रमगंज ( रोहतास), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को गोडारी नहर पुल के नीचे एक नवजात शिशु मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बच्चे को इस हालत में देखकर लोगों का दिल पसीज गया।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने नवजात को जन्म के तुरंत बाद यहां फेंक दिया।इस हृदयविदारक घटना ने इंसानियत पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आखिर कौन हो सकता है इतना निर्दयी जो एक नन्ही सी जान को यूं मरने के लिए छोड़ गया? लोग इस घटना से बेहद आक्रोशित हैं और आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने समाज में एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हमारी इंसानियत क्यों मरती जा रही है। हालांकि पुलिस के द्वारा अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।


स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने की महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



श्रावस्ती, 02 अप्रैल, (तरुणमित्र)। पुलिस लाइन के लवकुश सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली की सदस्या श्रीमती ममता कुमारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस जनसुनवाई में जनपद श्रावस्ती एवं बलरामपुर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रस्तुत किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शासन प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया एवं उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग से प्राप्त सूची के अनुसार जनपद श्रावस्ती के 06 प्रार्थना पत्र लंबित थे, जिसके बारे में उन्होंने कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की जिसमें सभी प्रार्थना पत्र का निस्तारण हो चुका था, और वादी पुलिस/प्रशासन द्वारा कार्यवाही से संतुष्ट थे, एवं जनपद से 29 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें आए लोगो से समस्याओं को सुना समय से कार्यवाही करने हेतु संबंधित को आदेशित किया। सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती ममता कुमारी ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास और स्वयं सहायता समूह की योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने को कहा। सदस्य द्वारा महिला थाना व वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया गया तथा महिलाओं को बेहतर रखरखाव हेतु भी संबंधित को निर्देशित किया गया।इस जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई, जिससे शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। यह आयोजन शासन की जनहितैषी एवं पारदर्शी व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# शिक्षक सम्मान, वार्षिकोत्सव समारोह में शिक्षा की दशा, दिशा पर विमर्श



बस्ती, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। हर्रैया ब्लॉक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ेरिया कुंवर के प्रांगण में बुधवार को शिक्षक सम्मान एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हर्रैया विधायक अजय सिंह विशिष्ट अतिथि सर्जन दीनानाथ पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद और बड़कऊ वर्मा, विनोद वर्मा आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर-के किया। विद्यालय के स्टाफ कालिंदी, रामपाल, अशोक वर्मा, आकांक्षा सिंह और महावीर की अगुवाई में अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों और शिक्षकों द्वारा गत 31 मार्च को विद्यालय में 34 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यराम वर्मा को सम्मानित करके उनको विदाई दी गई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत, स्वागत उद्बोधन, खइके पान बनारस वाला डांस प्रोग्राम, मुरलिया दे दो राधा, कंगना कंगना, फैशन का जलवा, सुनो बच्चों उठाओ बस्ता, हरे रामा हरे कृष्णा आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिक्षक जयचंद और विवेक कान्त पाण्डेय द्वारा शानदार गीत और कविता प्रस्तुत की गई। जिसको उपस्थित जनसमूह में जमकर सराहा। विधायक ने सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यराम वर्मा के कार्य और व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और अन्य शिक्षकों को उनसे सीख लेने की सलाह दिया। उन्होंने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर परिषदीय शिक्षकों की अटूट मेहनत है जिसके कारण आज बच्चे नवोदय विद्यालय से लेकर बड़ी-बड़ी छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहरा रहे हैं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि हमारे परिषदीय स्कूलों के बच्चे किसी भी मामले में कॉन्वेंट से पीछे नहीं है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का भव्य स्वागत

देवरिया, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' एवं शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद के प्रथम देवरिया आगमन पर जनपद के कांग्रेस जनों ने पुरवा चौराहे पर गाजे बाजे के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। स्वागत जुलूस सिविल लाइंस होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर सुभाष चन्द्र बोस के मूर्ति पर माल्यार्पण फिर टाउन हॉल स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस कार्यालय पर स्वागत समारोह के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चन्द्र यादव ने कहा कि देश व प्रदेश में सरकार कि नीतियों से आम जनमानस परेशान हैं सरकार सिर्फ झूठे वादे कर जनता को उलझाए हुई है। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि सत्तासीन सरकारें सिर्फ जाति, धर्म, संप्रदाय में जनमानस को उलझाकर अपना उल्लू सीधा कर रही है बेरोजगारी चरम पर है। किसानों का जबर्दस्त शोषण हो रहा है महिलाएं कही भी सुरक्षित नहीं है लेकिन सरकारी आंकड़े में सब कुछ ठीक है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इतना बड़ा दायित्व जो पार्टी ने दिया है उस पर खरा उतरने के लिए जी जान से मेहनत करूंगा और जनपद के समस्त कांग्रेसजनों के सहयोग से कांग्रेस की नीतियों रीतियों को आगे बढ़ाते हुए नया मुकाम हासिल किया जाएगा। शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद ने कहा कि समस्त कांग्रेस जनों के साथ मिलकर शहर में हर वार्डो में कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा तथा आगामी चुनावों में परचम लहराया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि विजयशेखर मल्ल रोशन संगठन के अनुभवी है ये संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचे है ये संगठन के नए शिल्पी होंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिपाठी,समीर पाण्डेय,जवाहर लाल, यादव,आलोक त्रिपाठी,दीनदयाल, शाकिर हुसैन,रत्नेश मल्ल पिंटू,उत्तेज मिश्रा, मधु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मकान की बाउंड्री गिराया,केस दर्ज

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 02 अप्रैल(तरूणमित्र)।गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो में मनबढ़ो ने एक निमार्णाधीन मकान की बाउंड्री गिरा दी। विरोध करने पर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। भू स्वामी की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस तीन के खिलाफ केस दर्ज कर दो का शांति भंग में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक बिहार के सिवान ग्राम भैंसाखाल निवासी बृजकिशोर मिश्रा गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी भगवती से वर्ष 2006 में जमीन बैनामा कराया था। जिसके दाखिल खारिज होने के बाद बाउंड्री कराकर छोड़ दिया था। आरोप है कि मंगलवार को जमीन पर निर्माण कार्य कराया शुरू कराया गया तो बैनामा करने वाले भगवती की मां सलहन्ती, दोनों भाई रामसंजय और रामशीष बाउंड्री गिरा दिए। मना करने पर गाली गुप्ता देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना सीसीटीवी में कैद है।

# स्कूल चलो अभियान की रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

संतकबीर नगर, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। शैक्षिक सत्र 2025-26 जनपद संत कबीर नगर के बघौली विकास क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान की रैली को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह एव खण्ड विकास अधिकारी अर्जित प्रकाश ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बघौली प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय बघौली के साथ आसपास के विद्यालयों के लगभग 250 बच्चों द्वारा हाथों में तख्ती लेकर जनमानस को जान जागरूक करने के लिए रैली निकाली गयी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अर्जित प्रकाश द्वारा 250 प्रतिभागी बच्चों को स्टेशनरी कित इसमें ज्योमेट्री बॉक्स ड्राइंग कॉपी उपलब्ध कराई गई उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बालू शासन कंपोजिट विद्यालय ऊजरावती के बच्चों द्वारा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने की थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रेनू चौधरी रेनू मिश्रा जयभगवान चौधरी अश्वनी पांडे चंद्रेश फरहान राजेश चंद्र उमेश कन्हैयालाल रमेश एसपी राय चौधरी अमिताभ विश्वकर्मा मुनिभा सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही । कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी निधि श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में किया गया कार्यक्रम में जनपद स्तर से जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डा. रजनीश बैद्यनाथ नेभी पतिभाग किया। इस अवसर पर बच्चों को नवीन शैक्षिक सत्र की पाठ्य पुस्तिक का भी वितरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं के साथ स्वागत

बस्ती, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी नेता , राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह ने पार्टी नेताओं, कार्यकताओं के साथ बुधवार को ब्राम्हण महासभा के निकट पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। सुमन सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से विवेकानन्द मिश्र के नेतृत्व में पार्टी सांगठनिक रूप से और मजबूत होगी, आगामी विधानसभा के चुनाव में भाजपा जीत का रेकार्ड बनायेगी। सुमन सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया।भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की प्राण वायु हैं। इनकी निष्ठा के बल पर ही पार्टी निरन्तर विकास की ओर है। कहा कि कार्यकताओं के मान सम्मान की रक्षा उनका पहला लक्ष्य है।

### न्यू माडर्न मोहन पब्लिक स्कूल में सम्मानित हुए बच्चे



उनवल गोरखपुर, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। न्यू माडर्न मोहन पब्लिक स्कूल उनवल में बुधवार को वार्षिकोत्सव, वार्षिक रिपोर्ट कार्ड और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने मेधावियों की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान किया। संरक्षक अमरनाथ साहनी, प्रधानाचार्य बालकृष्ण प्रताप ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के संरक्षक अमरनाथ साहनी ने सभी कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र एवं छात्राओं को सिल्डं देकर पुरस्कृत किया। द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त अध्यापक, अध्यापिका तथा समस्त अभिभावक उपस्थित रहें ।

### हृदय रोग पर शोध पत्र के लिये डा. वीके सम्मानित

बस्ती , 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक, आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा ने हृदय रोग पर अपना शोध प्रस्तुत किया। इस पर उन्हें सम्मानित किया गया। हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउन्डेशन द्वारा राजधानी लखनऊ के संगीत नाट्य अकादमी के सभागार में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्यापैथी कान्फ्रेस में उन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया।डा. वर्मा ने शोध में कहा है कि चिकित्सा विज्ञान के विकास के साथ, हृदय रोग के लिए होम्योपैथिक उपचार कारगर हो रहा है। हृदय रोग एक सामान्य शब्द है जो हृदय के एक या अधिक घटकों को प्रभावित करने वाली कई पुरानी और तीव्र चिकित्सा स्थितियों को संदर्भित करता है। हृदय छाती गुहा के बाईं ओर स्थित होता है और एक मांसपेशीय, मुट्ठी के आकार का अंग होता है। यह लगातार रक्त पंप करता है और दिन में लगभग 1 लाख बार धड़कता है। इसका मुख्य कार्य रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति करना और कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को गुर्दे, फेफड़े और यकृत में ले जाना है। आज की गतिहीन जीवनशैली के कारण, कई लोग विभिन्न हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। अगर इसका ध्यान न रखा जाए, तो इससे व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

गोंडा , 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक ई-रिक्शा चालक काशी राम आवास कालोनी सिविल लाइन निकट छात्रावास अपने मित्र के यहां गया था जहां से उसका ई-रिक्शा चोरी हो गया था जिसके सम्बन्ध में एक अप्रैल को चालक मो0 खालिक पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला अहिरान थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा ने नगर पुलिस में चोरी की तहरीर दी थी। पीड़ित के तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक अविनाश सिंह द्वारा की जा रही थी। बुधवार को विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त नूर आलम पुत्र मकबूल अहमद निवासी मो0 लेहडीपुरम रघुकुल थाना को नगर जनपद गोंडा को बादशाह बाग चौराहा जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# पीआईसीयू सेंटर से शाम होते ही गायब हो जाते चिकित्सक

गोरखपुर , 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। सिकरीगंज गंभीर बीमार मासूमों सहित परिजनों को अब रेफर का दर्द न झेलना पड़े और समुचित इलाज हो सके इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई का निर्माण सरकार द्वारा पानी की तरह पैसा बहाकर किया गया है।लेकिन पीकू सेंटरों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते सरकार की यह योजना अब सिर्फ हाथी के दाँत साबित हो रहे हैं।गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अरांव जगदीश के पीआईसीयू पर कई चिकित्सक तैनात हैं लेकिन ये सभी चिकित्सक रात्रि निवास नहीं करते और शाम होते ही सेंटर छोड़ भाग जाते हैं। जिसके कारण यहां आए मरीजों का इलाज नहीं हो पाता जिससे सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है।और मरीजो को जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है। बता दें पीआईसीयू इकाई में वेंटीलेटर सहित अन्य अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किया गया है। एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) भी तैयार कर है।संचालनालय स्वास्थ्य सेवा द्वारा दो वेंटीलेटर प्रबंधन को उपलब्ध भी करा दिए गए हैं। दोनों वेंटीलेटर पीआईसीयू में स्थापित है। 1 माह से 15 वर्ष तक के गंभीर बीमार बच्चों को अभी इमरजेंसी ट्रायेज असेस्मेंट एवं टीट्रमेंट इकाई में प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाता है।स्वास्थ्य में सुधार होने पर शिशु रोग वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल गोरखपुर व मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजने का प्रावधान है। इसके साथ ही शासन का आदेश है कि पीआईसीयू के चिकित्सक 24 घण्टे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# परंपरा, प्रतिष्ठा व अनुशासन की बुनियाद पर बच्चों के भविष्य का निर्माण करेंगे- संजय



संत कबीर नगर, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। सेमरियावा संजय द्विवेदी को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा का प्रधानाचार्य बनाया गया है। विद्यालय प्रबंधक शकीला खातून ने हस्ताक्षर प्रमाण का प्रस्ताव जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चन्द्र नाथ को प्रेषित कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्ति से रिक्त पद पर संजय द्विवेदी ने प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया। प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करने के उपरांत संजय द्विवेदी ने कहा कि परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन की बुनियाद पर बच्चों के भविष्य का निर्माण करेंगे। पूर्वजों से चली आ रही मान्यताओं, रीति-रिवाजों और मूल्यों का सम्मान कर पुरातन परम्परा का सम्मान करेंगे। सम्मान और पहचान को बनाए रखने के लिए अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम करूंगा। नियमों और सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प रहूंगा। प्रबंध समिति , शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावकों को साथ लेकर विद्यालय के समग्र विकास का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में प्रवेश प्रारंभ हो रहा है । विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय में खेलकूद, स्काउट गाइड व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का नियमित रूप से संचालन किया जाएगा। विद्यालय में एनसीसी व कंप्यूटर कोर्स भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व ही विद्यालय के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहा था। जिसके परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश सरकार से प्रोजेक्ट अलंकरण योजना के तहत 70 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बजट निर्गत कराकर विद्यालय के पुराने भवन को तोड़कर फिर से प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय, शिक्षण कक्ष व शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए विद्यालय भी अपने संसाधनों से 25% धनराशि का भुगतान करेगा। द्विवेदी के प्रधानाचार्य बनने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, प्रबंधक शकीला खातून, पूर्व प्रधानाचार्य मुनीर आलम, हाजी उबैदुर्रहमान खां, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, मोहम्मद युनुस, मोहम्मद शाहिद, औबेदुल्लाह, जुबैर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनैद अहमद, नसीम अहमद,सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि लोगों बधाई दी है।

# जांच व ई- रिक्शा, टेम्पो सीज किये जाने पर भड़के चालक: मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**टेम्पों चालकों का अनावश्यक उत्पीड़न हुआ तो आन्दोलन- महेन्द्र**

बस्ती , 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। बुधवार को बस्ती आटो रिक्शा जन कल्याण समिति के संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मो. हारून के नेतृत्व में ई रिक्शा, टेम्पों चालकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि टेम्पो, ई रिक्शा चालकों से आर्थिक धन उगाही, अनावश्यक मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न करने, धमकी, वाहनों को सीज किये जाने के मामले में जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही टेम्पो चालकों को कागजात दुरूस्त करने के लिये 15 दिन का समय दिया जाय।ज्ञापन देने के बाद समिति के संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कथित जांच के नाम पर टेम्पो, ई रिक्शा चालकों का उत्पीड़न करने के साथ ही उनके वाहनों को आर.टी.ओ. विभाग द्वारा सीज कर दिया जा रहा है। टेम्पो चालक किसी प्रकार से जान जोखिम में डालकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। टेम्पो चालकों में अनेक स्नातक, परास्नातक, उच्च शिक्षित भी है। दुःखद है कि जांच के नाम पर टेम्पो, ई रिक्शा को सीज कर दिये जाने से उनके परिवारों के समक्ष जीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। अच्छा हो कि सरकार इस पर पुर्न विचार करे। चेतावनी दिया कि समस्याओं का समाधान न हुआ तो टेम्पो चालक आन्दोलन को बाध्य होंगे।मुख्यमंत्री को भेजे 3 सूत्रीय ज्ञापन में टेम्पो, ई रिक्शा चालकों का उत्पीड़न, वाहनों को सीज करने की कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, वाहनों के कागजात दुरूस्त करने के लिये टेम्पो, ई रिक्शा चालकों 15 दिन का समय देने, चालकों का करने आदि की मांग शामिल है।

## बैतालपुर चीनी मिल चलाने को लेकर धरना 135वें दिन जारी

देवरिया, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों द्वारा चलाए जा रहा धरना 135 दिन जारी रहा। देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला देवरिया आज अपने एक चीनी मिल के लिए तरस रहा है जहां कभी 14 चीनी मिल चलती थी। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए ही बेची गई थी परंतु मिल क्रेता विक्रेता तथा तत्कालीन सरकार की दुरभि संधि के चलते मिल अपने अनुबंध के अनुसार नहीं चली। सरकार ने तो अपने उदासीनता की सीमा को पार किया है। मुख्यमंत्री बार-बार सार्वजनिक मचं से देवरिया जिले में घोषणा करते हैं कि बैतालपुर में चीनी कंपलेक्स बनाएंगे और उनकी आवाज आम आदमी जैसी प्रतीत होती है। समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए किसान तपस्या कर रहे हैं परंतु जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने हुए हैं यदि चीनी मिल चलाने हेतु जल्दी निर्णय नहीं लिया जाता है।

# शांति सदभावना के परिचायक थे प्रियदर्शी सम्राट अशोक



तमकुहीराज/कुशीनगर, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। बुधवार के दिन कुशवाहा समाज के लोगों ने प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की जन्मदिन सेलिब्रेशन लांन बनरहां मोड़ पे मनाई।उक्त कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा की प्रियदर्शी सम्राट अशोक शांति सदभावना के परिचायक थे सम्राट अशोक ने अपनी वीरता की लोहा दुनिया को मनवाते हुए विश्व बिजेता बने। आगे विधायक ने कहा की कुशवाहा समाज के लोगों को सम्राट अशोक के अपनाएं गये रास्ते पर चलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक दिनानाथ कुशवाहा ने कहा की सम्राट अशोक का सिद्धांत मानावतावादि था उनके द्वारा किये गए कृत आज दुनिया के लिए आईना है।अति विशिष्ट अतिथि सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग फूलबदन कुशवाहा ने कहा कुशवाहा समाज को सम्राट द्वारा बताएं गये रास्ते पर चलना चाहिए।कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता नथुनी सिंह कुशवाहा,विजय प्रताप कुशवाहा,अशोक सिंह कुशवाहा,रामेश्वर कुशवाहा, उमेश्वर कुशवाहा,बी के मौर्या,रमाशंकर कुशवाहा, सुनैना कुशवाहा,उमा कुशवाहा आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन ने प्रेमप्रकाश कुशवाहा ने की।इस दौरान डी. एन. मौर्या, मोतीलाल वर्मा,रामबृक्ष कुशवाहा, विरेंद्र कुशवाहा,श्रीनिवास कुशवाहा, रामप्रताप कुशवाहा,डॉक्टर बी आर वर्मा,बलदेव उजाला, सीतानारायन कुशवाहा, कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहें।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरियों का अनावरण 5 अंतर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार



बस्ती , 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना छावनी पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 05 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जनपद बस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व में हुई चोरियों का अनावरण किया गया` थाना छावनी पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में मुखबीर की सूचना पर 04 अभियुक्तों शिखर सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी धनेसरपुर थाना वजीरगंज जनपद- गोण्डा उम्र करीब 19 वर्ष,छोटू सिंह उर्फ ओम सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी बानेपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा उम्र करीब 21 वर्ष,सूरज सिंह पुत्र रामकुमार सिंह निवासी छतौना थाना छावनी जनपद बस्ती उम्र करीब 24 वर्ष,शिवपूजन चौहान उर्फ बुधई पुत्र रामदुलारे चौहान निवासी छतौना थाना- छावनी जनपद बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष को थाना छावनी क्षेत्रांतर्गत बबुरहवा अंडर पास से गिरफ्तार कर पूछताछ के आधार पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व में हुई चोरियों का अनावरण किया गया। पकड़े गये व्यक्तियों की निशानदेही पर ग्राम छतौना में बने अन्त्येष्ठि स्थल से कुछ दूरी पर लगी गेहूं की फसल में नदी के किनारे से चोरी का सामान बरामद किया गया। एक अभियुक्त ओम सिंह द्वारा बताया गया कि चोरी के कुछ आभूषण हम लोग थाना नवाबगंज जनपद-गोण्डा कस्बा में सोने की दुकान पर ले जाकर एक सोनार निजामुद्दिन पुत्र शौकत अली निवासी मोहल्ला मुट्ठीगंज थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा के यहां 35000/- रुपये में बेचे थे, जो रूपया मिला था, उसको हम लोग बराबर-बराबर आपस में बांट लिए तथा खर्च कर दिये। इस पर निजामुद्दीन उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डिप्टी सीएसओ ने लिया पीएमएसएमए व छाया वीएचएसएनडी का लिया जायजा

## 37 गर्भवती को नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए निर्गत किया ई-रूपी वाउचर



महराजगंज, 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीर विक्रम सिंह ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा पर आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान दिवस ( पीएमएसएमए) तथा छाया ग्राम स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पोषण दिवस ( छाया वीएचएसएनडी) दिवस पर आयोजित गतिविधियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा पर पीएमएसएमए दिवस पर कुल 48 गर्भवती एएनसी( एंटी नेटल केयर) चेकअप के लिए पहुंची थी। सभी गर्भवती की खून, वजन, पेशाब, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिफलिस, एचआईवी आदि जांच की गयी। इनमें से 13 गर्भवती उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली मिली। कुल 37 गर्भवतियों को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रूपी वाउचर निर्गत किया गया। आयरन कैल्शियम की गोली भी उपलब्ध कराई गयी। उन्होंने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान चार बार जांच तथा संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया। और कहा कि किसी भी प्रकार की जटिलता से बचने के प्रसव सरकारी अस्पताल पर ही कराएं। आशा कार्यकर्ता भी संस्थागत प्रसव कराने गर्भवती के साथ जाए। डिप्टी सीएमओ डॉ.वीर विक्रम सिंह ने उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को पौष्टिक आहार लेते रहने तथा नियमित चेकअप कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मौसमी फल, हरी ताजी सब्जियों आदि को सेवन करते रहना है। छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का जायजा लेने के लिए वीएचएसएनडी सत्र बड़वार, डिंगूरी, कमासीन खुर्द और मेन सेंटर को देखा। वहां पर आशा और एएनएम के ड्यू लिस्ट का मिलान किया। यह भी निर्देश दिया कि आशा और एएनएम के ड्यू लिस्ट में एक रूपता होनी चाहिए।

सभी आशा कार्यकर्ता ड्यू के अनुसार सत्र स्थल पर बच्चों और गर्भवती को बुलाकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। एएनएम सभी लाभार्थियों को टीके के फायदे बताएं। साथ ही चार संदेश से अवगत कराएं। बच्चों को बारह प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए पांच साल में सात बार टीकाकरण की बात भी बताएं । संस्थागत प्रसव के बच्चों का शत प्रतिशत बर्थ डोज लगा कर मंत्रा एप पर अपडेट करें। हर महिने एक वर्ष तक के बच्चों का पूर्ण प्रतिरक्षण भी जरूरी है।

## बढ़ते बंदरों के आतंक से लोग परेशान

उतरौला (बलरामपुर), 02 अप्रैल(तरूणमित्र)। नगर में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, खासकर गांधीनगर, पुलिस चौकी, कस्बा चौकी, ज्वाला भवानी मंदिर, गोंडा मोड़ और हनुमानगढ़ी मंदिर क्षेत्र में। सैकड़ों की संख्या में बंदर पूरे दिन गलियों और बाजारों में घूमते हैं, जिससे नागरिकों को खतरा बना हुआ है।बंदर दुकानों से सामान चुरा रहे हैं और घरों में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में एक बच्चे और एक बुजुर्ग महिला को बंदरों ने घायल कर दिया।स्थानीय लोग नगर पालिका और वन विभाग से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नागरिकों की मांग है कि बंदरों को पकड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।



# अश्विनी आईपीएल डेब्यू में चमके, पहली ही गेंद पर विकेट

## नमन का डाइविंग कैच, बोल्ट की यॉर्कर पर नरेन बोल्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में पहली जीत दर्ज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हरा दिया। सोमवार को डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार के 4 विकेट की बदौलत केकेआर की पारी 116 रन पर सिमट गई।

जवाब में रायन रिकेल्टन की शानदार फिफ्टी से एमआई ने 2 विकेट खोकर 121 रन बनाए और 43 बॉल रहते जीत हासिल कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में कई मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। अश्विनी एमआई डेब्यू मैच में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। ट्रेंट बोल्ट की यॉर्कर पर सुनील नरेन बोल्ड हो गए। वेंकटेश को 2 ओवर में दो जीवनदान मिला। नमन धीर ने हर्षित राणा का डाइविंग कैच पकड़ा। कोलकाता ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाया। ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को ओवर की चौथी बॉल पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने यॉर्कर बॉल फेंकी लेकिन समय से नरेन का बैट नीचे नहीं आ सका और वे बोल्ड हो गए। डेब्यू मैच खेल रहे अश्विनी कुमार ने अपनी पहली बॉल पर विकेट लिया। उन्होंने तीसरे ओवर की पहली बॉल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे (11 रन) को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। तिलक ने दूसरे प्रयास में डाइव लगाकर कैच पकड़ा।

# भारत के लिए सबसे मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने लिया संन्यास




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अपने शानदार 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया।

उन्होंने कहा कि अपने चरम पर लिया गया यह फैसला उनके लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला दोनों था। 32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। वंदना ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आज भारी लेकिन आभारी दिल के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास की घोषणा करती हूं। यह एक ऐसा फैसला है जो मेरे लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला है।

मैं इसलिए पीछे नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग फीकी पड़ गई है या मेरी हॉकी की ताकत खत्म हो गई है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने चरम पर पहुंचकर खेल से विदा लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं। वंदना ने लिखा, मैं थकान की वजह से हॉकी को अलविदा नहीं कह रही हूं, बल्कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का विकल्प था। मेरा सिर गर्व से ऊंचा है और मेरी स्टिक की आग अभी भी धधक रही है। भीड़ का उत्साह बढ़ाना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरी आत्मा में गूंजता रहेगा।

# रोहित का सपना वनडे विश्व कप जीतना, वह इंग्लैंड जाकर भी खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के लिए आगामी टेस्ट दौरा खेलना मुश्किल लग रहा है। माना जा रहा है कि वह इंग्लैंड दौरे पर खुद ही नहीं जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भारत ने 20 जून से 4 अगस्त तक 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने है। इसी बीच रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित को पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्हें इंग्लैंड जाकर कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने पिछले दौरे पर वहां शतक बनाया था। वहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी। दिनेश लाड ने इसी दौरान रोहित के सफर और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।




कोच ने कहा कि रोहित 12 साल की उम्र में उनके पास एक गेंदबाज के रूप में आए थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाज बनाना और अब भारत को टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा है। कोच ने रोहित के सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना है, जो 2023 में हम चूक गए। मेरा मानना है कि उन्हें अगले वनडे विश्व कप तक खेलना चाहिए और इसे जीतकर अपना और देश का सपना पूरा करना चाहिए।

रोहित की तकनीक और अनुभव की तारीफ करते हुए कोच ने कहा कि रोहित एक अलग तरह का खिलाड़ी है। वह तकनीकी रूप से मजबूत है और उसके पास अनुभव का खजाना है। पिछली इंग्लैंड यात्रा में उन्होंने शतक जड़ा था। मेरी राय में, उसे इंग्लैंड जाना चाहिए, अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और टीम का नेतृत्व अच्छे से करना चाहिए। बता दें कि 2024 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी की थी। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी।

## 3 क्रिकेटरों को किया गया बाहर

# आईपीएल 2025 के बीच नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर क्रिकेटर इन दिनों आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं. लेकिन उधर उनके देश की क्रिकेट बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान कर दिया है. नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 23 खिलाड़ियों को जगह मिली है. खास बात ये है कि इस बार 3 नए खिलाड़ियों को भी सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है. वहीं, 3 खिलाड़ी ऐसे भी रहे हैं, जिनमें से दो तो चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली टीम का भी हिस्सा थे, उन्हें नए करार से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. जिन 3 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पहली बार मिला है, उनमें सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन और ब्यू वेब्स्टर का नाम है. वहीं 23 खिलाड़ियों की नई लिस्ट से जो 3 खिलाड़ी बाहर हैं, उनमें टॉड मर्फी, शॉन एबट और आरोन हार्डी का नाम है. इनमें से आरोन हार्डी और शॉन एबट चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा थे. हालांकि, उन्हें वहां एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था. जबकि टॉड मर्फी की बात करें तो वो श्रीलंका के पिछले दौरे पर खेली टेस्ट सीरीज में तीसरे स्पिनर की हैसियत से ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे. मगर 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया को एशिया का दौरा नहीं करना है. सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पाने वाले 3 नए खिलाड़ियों में सैम कॉन्स्टस की बात करें तो वो फिलहाल टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा हैं. उन्होंने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेलबर्न और सिडनी में 2 टेस्ट खेले थे. वहीं मैट कुन्हेमन को श्रीलंका दौरे पर मिली सफलता का फायदा मिला है.




इन खिलाड़ियों का सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट बरकरार

इंजरी से जूझते रहने के बावजूद लांस मॉरिस और झाई रिचर्ड्सन का सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट बरकरार रहा है. रिचर्ड्सन का फिलहाल रिहैब चल रहा है. उनके कंधे की तीसरी सर्जरी हुई है. जेवियर बार्टलेट को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिली थी. मगर वो सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं.

**2025-26 सीजन में ऑस्ट्रेलिया का प्लान:** 2025-26 सीजन में ऑस्ट्रेलिया 19 बाइलेटरल टी20 मुकाबले खेलने वाला है. इसके अलावा उसे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में शिरकत करना है. टी20 सीरीज के अलावा 2025-26 सीजन में वो 9 वनडे मुकाबले और 7 टेस्ट मैच खेलेगा. ये मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास अपने कॉन्ट्रेक्ट को अपग्रेड करने का सुनहरा अवसर होगा.

### ऑस्ट्रेलिया के वो खिलाड़ी, जिन्हें मिला सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट

स्कॉट बोलैंड, जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, पैट कमिस, नाथन एलिस , कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड. ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, जोश इंग्लिस, सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेब्स्टर, एडम जैम्पा.



## बिना संन्यास लिए

# सिडनी सिक्सर्स का हिस्सा बने विराट कोहली?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बैश लीग की टीम सिडनी सिक्सर्स ने मंगलवार सुबह को एक पोस्ट किया जिससे सोशल मीडिया तहलका मच गया। सिडनी सिक्सर्स ने इंस्टाग्राम पर भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने जो दावा किया उसने सभी को हैरान कर दिया। बाद में इस दावे का सच भी सामने आया।

### सिडनी सिक्सर्स ने शेयर किया पोस्ट

सिडनी सिक्सर्स ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें कोहली भारतीय जर्सी में नजर आ रह हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, 'स्वागत विराट कोहली।' उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'किंग कोहली, विराट कोहली अगले दो सालों के लिए आधिकारिक तौर पर सिक्सर हैं।' महज दो घंटे में यह पोस्ट वायरल हो गया। जिसपर कई कमेंट आए।

### बीसीसीआई का नियम नहीं देता इजाजत

लोग हैरान थे कि ऐसा कैसे संभव है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी तब तक किसी विदेशी लीग में नहीं खेल सकता जब तक वह संन्यास न ले लें। उन्हें संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई से एनओसी लेना होता है। हालांकि विराट कोहली ने ऐसा कुछ नहीं किया है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट से संन्यास तो लिया है लेकिन वह अब भी टेस्ट और वनडे टीम का हिस्सा हैं। ऐसे में नियमों के अनुसार उनका किसी विदेशी लीग में खेलना संभव नहीं है। एक्स पर उनके इस पोस्ट पर यूजर ने लिखा, 'सिडनी सिक्सर्स' कोहली कब जॉइन करने वाले हैं। इसका जवाब देते हुए सिडनी सिक्सर्स ने लिखा, 'एक अप्रैल 2025।' इसके बाद फैंस को पता लग गया कि यह एक अप्रैल फूल प्रैंक है। लोगों ने सिडनी सिक्सर्स की तारीफ की और कहा कि अप्रैल फूल का सही इस्तेमाल किया।

## फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप:

# जू वेनज़ुन को टक्कर देंगी तान झोंगयी




**शंघाई , चीन, एजेंसी।** शतरंज की दुनिया में महिलाओं के सबसे प्रतिष्ठित खिताब महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इस बार चीन के दो प्रमुख शहरों - शंघाई और चोंगकिंग - में किया जाएगा। मौजूदा विश्व चैम्पियन जू वेनजुन और चीन की ही चैलेंजर तान झोंगयी के बीच यह बहुप्रतीक्षित मुक़ाबला 1 से 23 अप्रैल 2025 के बीच खेला जाएगा।

यह चैंपियनशिप 12 मुकाबलों की एक क्लासिकल सीरीज के रूप में होगी। जो खिलाड़ी पहले 6.5 अंक प्राप्त करेगा, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। यदि स्कोर 6-6 पर बराबर रहता है, तो रैपिड और आवश्यकता पड़ने पर ब्लिट्ज टाईब्रेक के माध्यम से विजेता तय किया जाएगा। जू वेनजुन मौजूदा महिला विश्व शतरंज चैंपियन हैं। उन्होंने 2018 में पहली बार तान झोंगयी को हराकर विश्व खिताब जीता था।

इसके बाद उन्होंने 2018 में नॉकआउट टूर्नामेंट, 2020 में गोर्याचकिना, और 2023 में लेई टिंगजी के खिलाफ अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया। जू की ताकत केवल क्लासिकल में ही नहीं है - उन्होंने 2017 और 2018 में वुमेन्स वर्ल्ड रैपिड और 2024 में वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप भी जीती है।

वे चीन की स्वर्ण पदक विजेता ओलंपियाड टीम (2016, 2018) और विश्व टीम चैंपियनशिप (2009, 2011) का हिस्सा रही हैं। तान झोंगयी ने 2017 में अन्ना मुजिचुक को हराकर विश्व खिताब जीता था और उसके बाद से वह विश्व स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि 2018 में वे जू वेनजुन से खिताब हार गईं, लेकिन उन्होंने 2022 में वर्ल्ड रैपिड और 2024 में केर्न्स कप जैसे प्रतिष्ठित खिताब जीते। 2024 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनके दमदार प्रदर्शन ने उन्हें इस बार की चैलेंजर बनाया।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट बड़े बदलाव की ओर, टेस्ट कप्तानी से हटे ब्रेथवेट, शाई होप को टी20 की कमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स से नदारद रहने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट अब बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में क्रेग ब्रेथवेट ने चार साल बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को बताया कि शाइ होप को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। 32 वर्ष के ब्रेथवेट को मार्च 2021 में जेसन होल्डर की जगह कप्तान बनाया गया था। वहीं वनडे टीम के कप्तान होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी20 टीम की कप्तानी दी गई है। रोवमन पॉवेल मई 2023 से टी20 कप्तान थे।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, ब्रेथवेट चाहते थे कि उनके खेल को अलविदा कहने से पहले टीम बदलाव के दौर से गुजर जाए। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले उन्होंने कप्तानी छोड़ दी ताकि नये कप्तान को खुद को स्थापित करने का समय मिल जाये। नए टेस्ट कप्तान का ऐलान जल्दी ही किया जाएगा। इस रेस में फिलहाल एलिक एथनाजे, मिकाइल लुईस, केसी कार्टी और जस्टिन ग्रीव्स जैसे खिलाड़ी हैं। इसके अलावा गुडाकेश मोती को भी हाल फिलहाल में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप में हिमाचल उपविजेता

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई। लखनऊ में हुई 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश की टीम यूपी से कड़े मुकाबले में 19-17 से हार गई।

उत्तर प्रदेश फाइनल जीत कर पहली बार चैंपियन बनी। पहले हाफ में दोनों ही टीमों ने तेज आक्रमण किए। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई।

इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए। उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने दमदार खेल दिखाते हुए कई अटैक को विफल कर दिया। यूपी की ओर से



नैना ने सबसे अधिक 6 गोल दागे। रेशमा, सुमन, प्रीति और अनन्या ने इसमें बखूबी साथ दिया। 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं, दीया को एक गोल करने में सफलता मिली।

हिमाचल प्रदेश की ओर से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका और मुस्कान ने 1-1 गोल किए। उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछले सीजन में कांस्य पदक जीता था। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।